दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 61
कोटद्वार शुक्रवार
23 जून 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं

दैनिक जयन्त

www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## केदारनाथ मामले में सरकार भ्रमित, हाईकोर्ट जज की निगरानी में हो जांच

**देहरादून।** केदारनाथ धाम में गर्भगृह की दीवारों को स्वर्णमंडित करने के स्थान पर पीतल लगाने के आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी के नेतृत्व में कांग्रेसी कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए एश्लेहॉल चौक पहुंचे और प्रदर्शनक किया। गोगी ने कहा कि भाजपा हिंदुत्व का ढोल पीटती है और हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ करती रही है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक श्री केदारनाथ धाम के गर्भगृह में सोने की परत लगाने का प्रचार किया गया। अब पता चला है कि पीतल का काम किया गया है। पुरोहितों ने गर्भगृह के पौराणिक स्वरूप से छेड़छाड़ का विरोध भी किया था। फिर भी भाजपा नेताओं ने जोरशोर से इसे अपने पक्ष में भुनाया। अब कुछ पुरोहितों ने प्रत्यक्ष रूप से देखा गया कि गर्भगृह में सोने की बताई गई परत का रंग फीका हो रखा है। गोगी ने आरोप लगाया कि अब इसके ऊपर सोने की पॉलिश करवा रहे हैं। वहां कैमिकल का भी प्रयोग हो रहा था।

पर्यटन मंत्री के खुद मामले की जांच की मांग करने से स्पष्ट है कि सोना लगाने के नाम पर गड़बड़ी की गई। कांग्रेस ने इसकी जांच उच्च न्यायालय के सिटिंग जज की निगरानी में करने की मांग की।

## उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मंदिर जा रहे 9 श्रद्धालुओं की मौत



**नैनीतालः** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में मंदिर जा रहे 9 श्रद्धालुओं की उस समय मौत हो गई, जब उनकी कार एक गहरी खाई में गिर गई।

पुलिस सूत्रों के गुरूवार को बागेश्वर के शामा के कुछ लोग पिथौरागढ़ के होकरा मंदिर पूजा-अर्चना के लिए जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार गहरी खाई में जा गिर गई।

कार में 11 लोग सवार थे, जिनमें से नौ लोगों घटना की सूचना मिलते ही नाचनी और क्वीटी थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। वह ग्रामीणों के साथ राहत एवं बचाव कार्य में जुट गई हैं।

भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस, राष्ट्रीय आपदा राहत बल, राज्य आपदा राहत बल के साथ ही राजस्व की टीम को मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। इसके अलावा पिथौरागढ़ से दो और शामा से एक एम्बुलेंस भी घायलों की मदद के लिए मौके पर भेजी गई हैं। पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिला प्रशासन घटना पर नजर बनाए हुए है।

## पत्नी ने की मायके जाने की जिद, पति ने लगाई फांसी

**रुद्रपुर** : पत्नी के मायके जाने की जिद पर पति ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। प्रेम बहादुर (33) पुत्र टेक बहादुर निवासी सुनहरा फार्म वार्ड दो मजदूरी करता था। शराब की लत लग जाने के कारण उसकी पत्नी रेखा से अनबन रहती थी। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम पत्नी मायके जाने लगी। इस पर प्रेम ने उसको रोकने का बहुत प्रयास किया। लेकिन पत्नी मायके जाने की जिद पर अड़ी रही। पत्नी घर से बाहर निकलते ही प्रेम ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और फांसी लगा ली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई की। (एजेंसी)

## आस्था के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं, जांच के बाद होगी कार्यवाही : महाराज

**जयन्त प्रतिनिधि ।**

**देहरादून :** प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह की दीवारों पर सोने की प्लेट को लेकर उठे विवाद को देखते हुए सचिव धर्मस्व को उच्च स्तरीय जांच के आदेश देने के साथ ही इस मामले को अनावश्यक तूल देकर चारधाम के तीर्थों को विवाद में न डालने की बात कही है।केदारनाथ मंदिर के गर्भ गृह की दीवारों पर सोने की प्लेट को लेकर उठे विवाद को देखते हुए पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने धर्मस्व सचिव हरीश चंद्र सेमवाल को मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिये। उन्होंने कहा है कि केदारनाथ धाम की धार्मिक आस्था, पवित्रता और महत्ता के साथ खिलवाड़ करने वाले को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा और शीघ्र ही सच्चाई सबके सामने आएगी, जो कुछ भी जांच में आएगा उसके आधार पर ही आगे कार्रवाई की जाएगी।



**प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज**

श्री महाराज ने कहा कि प्रथम दृष्टया आरोपों को सही नहीं कहा जा सकता। क्योंकि जिस श्रद्धालु ने केदारनाथ मंदिर में सोना और तांबा दान किया है, उसी ने वहां पूरा काम भी कराया है, इसलिए किसी प्रकार के गबन या भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है। चूंकि अफवाहें फैलाई जा रही हैं और कुछ लोग सुव्यवस्थित व निर्बाध गति से चल रही चारधाम यात्रा को बदनाम कर बाधित करना चाहते हैं, जबकि विपक्ष भी इस मामले को अनावश्यक तूल देने का प्रयास कर राजनीतिक रोटियां सेंक रहा है। इसलिए इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं, ताकि सच सामने लाया जाए और दोषियों को सजा दी जा सके।

## संस्कृत को रोजगार से जोड़ना आवश्यक : धामी

### सीएम ने किया वेद शास्त्र अनुसंधान का वर्चुअल शुभारंभ

**देहरादूनः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सचिवालय से वर्चुअल माध्यम से देवप्रयाग स्थित केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर में स्वामी करपात्री जी महाराज की स्मृति में वेद शास्त्र अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि संस्कृत के माध्यम से रोजगार भी मिले। उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ ही वेदभूमि भी है। भारत ने विश्वभर में वेदों का ज्ञान दिया, इसी कारण हम विश्वगुरु कहलाये। वेद हमारी पहचान हैं। इस पहचान को हम तभी कायम रख पाएंगे जब संस्कृत का प्रचार और प्रसार पूरे भारत वर्ष में होगा।



**सीएम पुष्कर सिंह धामी वेद शास्त्र अनुसंधान का वर्चुअल शुभारंभ करते हुए।**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देवभूमि के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है कि संस्कृत के क्षेत्र में श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर बहुत कम समय में बड़ा नाम बन गया है। यह परिसर केंद्र सरकार की उत्तराखण्ड को बड़ी सौगात है। देव वाणी संस्कृत के प्रचार और प्रसार के लिए ऐसे विश्व विद्यालय महत्वपूर्ण हैं। आशा है कि यहां अध्ययन करने वाले छात्र स्वामी करपात्री जी महाराज की तरह ही दृढ़संकल्पी एवं त्यागी बनेंगे। युवाओं को स्वामी करपात्री जी महाराज से त्याग, संकल्पबद्धता और धर्म रक्षा की प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम चाहते हैं कि प्राचीन ज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्ध उत्तराखण्ड की आध्यात्मिक भूमि अपने वैभव को पुनः प्राप्त करे और हमारी संस्कृति और संस्कृत का प्रचार-प्रसार हो। इसके लिए यह विश्वविद्यालय उत्तराखंड ही नहीं वरन देश की महत्त्वपूर्ण धरोहर है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस परिसर पर विशेष फोकस है।

प्रधानमंत्री कार्यालय लगातार इस परिसर के निर्माण और विकास कार्यों की निगरानी करता है। इस मौके पर विधायक विनोद कंडारी, स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी, युवा चेतना के राष्ट्रीय संयोजक रोहित कुमार सिंह, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वाराखेड़ी, परिसर के निदेशक डा. पीवीबी सुब्रह्मण्यम एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## सीएम ने जनता से की नशा मुक्ति की शपथ लेने की अपील

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नशा मुक्त भारत के लक्ष्यों की पूर्ति हेतु सभी प्रदेश वासियों से शपथ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नशा हमारे युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है। समाज के साथ युवाओं के बेहतर भविष्य के लिये सभी को नशा मुक्ति की दिशा में पहल करनी होगी।

ज्ञातव्य है कि "नशामुक्त भारत" के लक्ष्य की पूर्ति हेतु गृह मंत्रालय, भारत सरकार के नियंत्रणाधीन नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो द्वारा मादक पदार्थों के विरूद्ध एंटी ड्रग ई-प्लेज अभियान शुरू किया गया है, जिसमें उत्तराखण्ड राज्य से मात्र 0.47 प्रतिशत व्यक्तियों द्वारा ही ई-शपथ ली गयी है, जो कि अत्यन्त ही न्यून है तथा इसमें सुधार किये जाने की आवश्यकता है। उक्त के दृष्टिगत मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु द्वारा समस्त अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव, प्रभारी सचिव को जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि 26 जून को "विश्व ड्रग्स दिवस के अवसर पर जनता को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के उद्देश्य से, मादक पदार्थों से दूर रहने हेतु प्रोत्साहित करने के दृष्टिगत प्रदेश के समस्त शासकीय विभागों में कार्यरत कार्मिक लिंक के माध्यम से अपने परिवारजनों सहित ई-प्लेज लें।



## युवा मोर्चा ने फूंका फिल्म निर्माता का पुतला

**श्रीनगर गढ़वाल** : भारतीय जनता युवा मोर्चा श्रीनगर के कार्यकर्ताओं ने गोला बाजार में फिल्म आदिपुरुष के निर्माता ओम राउत का अपनी फिल्म के जरिये हिन्दू देवी–देवताओं के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दिखाने के विरोध में पुतला फूंका। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

विरोध प्रदर्शन करने वालों में डॉ. सुधीर जोशी, मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा श्रीनगर पंकज रावत, विपिन नौटियाल, गौरव मोहन नेगी आदि मौजूद रहे। इसके बाद प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा डॉ. सुधीर जोशी के नेतृत्व में महा जनसम्पर्क अभियान के तहत श्रीनगर बाजार के मुख्य मार्गों से होते हुए पदयात्रा निकाली।

इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार के पिछले नौ वर्षों में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों को जनता के समक्ष रखा। (एजेंसी)

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर धमका हाथियों का झुंड, लगा जाम

## कोटद्वार रेंज के जंगल से खोह नदी में पानी पीने पहुंचा झुंड

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : गुरुवार सुबह कोटद्वार-दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग पर अचानक हाथियों का झुंड आ धमका। राष्ट्रीय राजमार्ग को पार कर खोह नदी में उतर रहे हाथियों के कारण करीब आधे घंटे तक हाईवे पर वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। इन दिन जंगलों में प्राकृतिक स्त्रोत सूख चुके हैं। ऐसे में हाथी पानी पीने के लिए खोह नदी में पहुंच रहे हैं।

गुरूवार सुबह करीब साढ़े दस बजे सिद्धबली मंदिर के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग पर हाथी धमक गए। हाथियों के झुंड को देख राष्ट्रीय राजमार्ग पर अफरा तफरी मच गई। दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। करीब आधे घंटे बाद जब हाथी नदी के समीप पहुंचे तो राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवाजाही दोबारा शुरू हुई। दरअसल, इन दिनों भीषण गर्मी के कारण जंगलों में बने अधिकांश प्राकृतिक स्त्रोत सूख चुके हैं। ऐसे में हाथी व अन्य जंगली जानवर अपनी प्यास बुझाने के लिए खोह नदी में पहुंच रहे हैं। कई लोगों ने हाथी की तस्वीरें अपने मोबाइल में भी कैद की।

### आवाजाही के दौरान रहें सावधान

गर्मी के दौरान नदी में आने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पार कर रहे हाथियों से आवाजाही करने वालों को भी खतरा बना हुआ है। ऐसे में वाहन चालकों को कोटद्वार से दुगड्डा के मध्य बड़ी सावधानी से राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफर करना होगा। सबसे अधिक खतरा दोपहिया वाहन चालकों को बना रहता है। पूर्व में हाथी कई वाहन चालकों को दौड़ा भी चुके हैं।



कोटद्वार में सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी की ओर उतरते हाथी

# जोशीमठ में अभी भी स्थिति चिंताजनक : शंकराचार्य

श्रीनगर गढ़वाल : ज्योर्तिमठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने कहा कि जोशीमठ में आपदा के बाद स्थिति अभी भी चिंताजनक बनी हुई है। जोशीमठ को लेकर जितनी भी जांचें सरकार के स्तर पर हुई हैं, किसी की कोई भी रिपोर्ट आज तक सार्वजनिक नहीं हुई हैं। जिससे लोग असमंजस में हैं। मुआवजे को लेकर भी स्थिति स्पष्ट नहीं है। कहा जोशीमठ के बाईपास निर्माण को लेकर पर्यावरणविद् और विशेषज्ञों ने चिंता व्यक्त की थी, जिस पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन बाद में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि देश की रक्षा के लिए हमें इस सड़क को बनाना ही पड़ेगा।

गुरुवार को श्रीनगर में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जोशीमठ के लोगों की चिंताओं के समाधान को लेकर सार्थक प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। कहा ज्योर्तिमठ नृसिंह मंदिर के दर्शन के बिना बदरीनाथ की यात्रा अधूरी है। जोशीमठ में बाईपास बनने से लोग यहां नहीं आएंगे। जिससे तीर्थ यात्री बदरीनाथ की यात्रा का सुफल प्राप्त नहीं कर पाएंगे। बदरीनाथ धाम में महायोजना के प्रभावितों की पीड़ा के सवाल पर शंकराचार्य ने कहा कि धाम के कपाट खुलने पर स्वयं उपस्थित था। धाम में पंडा, पुरोहित लोग चाबी लेकर पहुंचे, तो देखा कि उनके घर और दुकानें हैं ही नहीं। कुछ लोगों को मठ में शरण दी गई, जो अभी भी वहीं हैं। कहा महायोजना के प्रभावितों की कोई बात ही नहीं सुनी जा रही है। कहा धाम के रावल का अभिषेक कर्म धारा व प्रह्लाद धारा के जल से होता है। लेकिन धाम में इन दोनों धाराओं के अस्तित्व को समाप्त कर दिया गया है। कहा ज्योर्तिमठ नृसिंह मंदिर में दर्शन के बाद ही बदरीनाथ की यात्रा संपूर्ण मानी जाती है। धर्म के अनुसार हर तीर्थ यात्री को जोशीमठ जाना ही होगा। चारधाम की यात्रा पूरी तरह धार्मिक है, इसमें धार्मिकता का पुट रखे रहना होगा। इस यात्रा में मनोरंजन व पर्यटन को शामिल किया जाएगा तो इससे लोग उब जाएंगे। इस मौके पर कमलेश्वर महादेव मंदिर के महंत आशुतोष पुरी, भोपाल चौधरी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# लाखों की रकम उड़ाने वाला चालक चढ़ा पुलिस के हत्थे

## कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जौनपुर स्थित एक घर से चोरी की थी रकम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : जौनपुर क्षेत्र के एक घर से लाखों की रकम चोरी करने वाला कार चालक पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने चोरी की गई दो लाख रुपये की रकम भी बरामद की है। आरोपी को कुछ दिन पूर्व ही कार स्वामी ने बतौर चालक तैनात किया था। वहीं, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कार चालक को गिरफ्तार करने वाली टीम को ढाई हजार के नकद इनाम की घोषणा की है।

जौनपुर निवासी जौनपुर निवासी डा. अर्चना रानी ने 19 जून को पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि 16 जून को उन्होंने ग्रास्टनगंज निवासी अनूप चौहान को बतौर कार चालक नौकरी पर रखा था। उसके बाद वह हरिद्वार चली गई थी।

19 जून को अनूप सामान ले जाने के बहाने उनके घर पर आया और उनके घर में बक्से में रखे एक बैग को ले गया। बैग में तीन लाख से अधिक की नकदी, कार की चाबी, साइन किए हुए चेक, आधार कार्ड व पेन कार्ड था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। बताया कि बीती रात ग्रास्टनगंज निवासी अनूप को उद्यान विभाग तिराहे के समीप गिरफ्तार कर दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने कुछ रकम से घरेलू सामान खरीद लिया था। वर्तमान में उसके पास दो लाख की धनराशि शेष है। बताया कि उसने बैग के साथ ही उसमें रखा सामान भी जला दिया। साथ ही कार की चाबी भी कहीं झाड़ियों में फेंक दी।



कोतवाली पुलिस की हिरासत में चोरी का आरोपी

## थलीसैंण ब्लॉक के एक शिक्षक को किया निलंबित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : विकासखंड थलीसैंण के राजकीय प्राथमिक विद्यालय जखोला के एक शिक्षक को उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करना भारी पड़ गया है। जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा ने बार-बार विभागीय नियमों की अवहेलना करने व छात्र हितों की अनदेखी करने के आरोप में शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षक को उपशिक्षाधिकारी थलीसैंण के कार्यालय में संबंद्ध किया गया है।

खंड शिक्षा अधिकारी थलीसैंण विवेक पंवार ने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय जखोला के शिक्षक संजय कुमार को स्कूल में अध्यनरत छात्र–छात्राओं के अधिगम के लिए प्रयास न करने, बिना अनुमति के स्कूल से गायब रहने व बाद में अनुपस्थित अवधि का मेडिकल प्रस्तुत करने, बिना अनुमति के स्कूल में कार्यभार ग्रहण करने, चेतावनी के बाबजूद भी एफएलएन प्रशिक्षण में अभ्रदता करने, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने, आरटीई अधिनियम 2009 का उल्लंघन करने, कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने के आरोप में निलंबित करते हुए उप शिक्षाधिकारी थलीसैंण कार्यालय में संबंद्ध कर दिया गया है।

# विद्यार्थियों ने फूंका प्राचार्य का पुतला



कोटद्वार महाविद्यालय के प्रवेश द्वार में प्राचार्य का पुतला दहन करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पेयजल की बेहतर व्यवस्था नहीं होने से आक्रोशित विद्यार्थियों ने प्राचार्य का पुतला दहन किया। कहा कि भीषण गर्मी के बीच विद्यार्थियों को पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। शिकायत के बाद भी महाविद्यालय समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा। गुरुवार को छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के प्रवेश द्वार में प्रदर्शन किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने प्राचार्य का पुतला दहन किया। छात्रों का आरोप है कि भीषण गर्मी के बीच महाविद्यालय की ओर से छात्रों के लिए बेहतर पेयजल व्यवस्था नहीं की गई है। महाविद्यालय में ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर भी लगा है। लेकिन, उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। जिस पेयजल टंकी से विद्यार्थी पानी पी रहे हैं। उसकी कई माह से सफाई तक नहीं करवाई गई है।

टंकी के पानी को पीने से विद्यार्थियों को संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बना हुआ है। समस्या से कई बार प्राचार्य जानकी पंवार को अवगत करवा चुके हैं। लेकिन, प्राचार्य समस्या को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रही। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में लगे वाटर कूलर को चालू करने के साथ ही पेयजल टंकी की सफाई करवाने की भी मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में छात्र संघ महासचिव शुभम सुयाल, दमनदीप, हिमांशु, मंदीप आदि मौजूद रहे।

# पेंटिंग प्रतियोगिता से दिया नशा मुक्त समाज का संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नशा मुक्ति पखवाड़ा के तहत धुमाकोट में पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने पेंटिंग के माध्यम से नशा मुक्त समाज का संदेश दिया।

धुमाकोट थानाध्यक्ष दीपक तिवाड़ी के नेतृत्व में स्कूली बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने पेंटिंग के माध्यम से नशे के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस दौरान प्रतियोगिता में अक्षय रावत प्रथम, अंबिका रावत द्वितीय व कार्तिक रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के उपरांत थानाध्यक्ष ने विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरूक किया। कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है।

समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। अभियान के दौरान पुलिस ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध, महिला अपराध के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने पर इसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दें। जनता की सुरक्षा के लिए महिला हेल्प लाइन, चाइल्ड हेल्पलाइन का भी गठन किया गया है। व्यक्ति आनलाइन भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इस मौके पर महिला उपनिरीक्षक भावना भट्ट, ऊषा नेगी, पंकज आदि मौजूद रहे।



पुलिस की ओर से आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

# महाराज ने चौबट्टाखाल विस को दी सड़क, होम-स्टे सहित करोड़ों की योजनाओं की सौगात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : चौबट्टाखाल विधायक एवं प्रदेश के काबीना मंत्री सतपाल महाराज ने अपने विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान 468.35 लाख की धनराशि की अनेक योजनाओं की सौगात दी। कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं अन्य कई प्रकार की योजनाओं पर भी कार्य चल रहा है। इस दौरान मंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 121 स्यूंसी-बीरोंखाल के बीच निर्माणाधीन कार्यों, कुण्जखाल में बरसुण्ड पम्पिंग पेयजल योजना की प्रगति की जानकारी लेने के साथ-साथ सतपुली नगर में निर्माणाधीन बहुमंजिला शॉपिग कॉम्पलैक्स एवं कार पार्किग का भी निरीक्षण किया।




कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज विकास कार्यों का लोकपर्ण करते हुए।

चौबट्टाखाल विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र भ्रमण के दौरान विकासखण्ड पोखड़ा को राज्य योजना के अंतर्गत 261.88, लाख की धनराशि की जूनीसेर-बांसई मोटर मार्ग के डामरीकरण और सतपुली में 199.47 लाख की धनराशि से बने होम स्टे, फिशरीज सेंटर और विकासखण्ड एकेश्वर के अंतर्गत चयनित ग्राम पंचायतों मासौ मुसेटा, पबोली, सासौं, पुसोली, मुड़ियाप, डियूल्ड, अंसारी थापला, बग्याली, कुलासू, ईडा, रणस्वा, पांथर, बडेथ और इसौटी के ग्राम प्रधानों को कुल 70 लाख की लागत के कंप्यूटर का वितरण किया। इस मौके पर श्री महाराज ने कहा कि 1 वर्ष के अंतराल में क्षेत्र में 78 करोड़ 90 लाख की लागत से 67 किलोमीटर मोटर मार्ग का निर्माण किया गया है। बताया कि सिंचाई विभाग के द्वारा बाढ़ सुरक्षा और अन्य कार्यों हेतु 19 करोड़ 81 लाख रुपए से भी अधिक की स्वीकृति दी गई। विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2022-23 में 58 पंचायत घरों की स्वीकृति दी गई। पर्यटन विभाग के अन्तर्गत पर्यटन आवास गृहों हेतु 10 करोड़ 47 लाख रूपये की स्वीकृति दी गई। उन्होंने बताया कि पम्पिंग पेयजल योजनाओं के निर्माण के लिए 01 अरब 60 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये। ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 674 महिला स्वयं सहायता समूहों को 66 लाख 30 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई। इस मौके पर प्रेम सिंह रावत, पुष्कर जोशी, विवेक सजवाण, भाजपा मंडल अध्यक्ष ओमपाल, मुकेश पोखरियाल, ध्यान पाल गुसाईं, प्रेम सिंह नेगी, यशपाल गोरला, बलवंत सिंह, दर्शन सिंह रिगोड़ा, राजेंद्र सिंह, सत्येंद्र ढौडियाल, यशवंत सिंह, सतपुली नगर पंचायत अध्यक्षा अंजना वर्मा, सतपुली मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, एकेश्वर मंडल अध्यक्ष गणेश सिंह, वेद प्रकाश वर्मा, बृजमोहन सिंह, कुसुम खंतवाल, भगवती देवी, ममता ध्यानी, विनोद घिल्डियाल, तहसीलदार सतपुली सुधा डोभाल, राय सिंह नेगी, मुकेश, अंकित ठाकुर आदि उपस्थित थे।

# लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण को गंभीरता दिखा रही सरकार

**कोटद्वार** : वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण के लिए प्रदेश सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। उच्च न्यायालय में मामले में पुख्ता पैरवी भी की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही कोटद्वार को लालाढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग की सौगात मिलेगी।

गुरुवार को कोटद्वार के पनियाली गेस्ट हाउस में पत्रकारों से वार्ता करते हुए वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार कोटद्वार के विकास को लेकर गंभीरता से कार्य कर रही है। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के लिए भी सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है। इसके लिए उच्च न्यायालय में पुख्ता पैरवी की जाएगी। कहा कि कण्वाश्रम के बेहतर विकास के लिए भी योजनाएं बनाई जा रही है। जल्द ही योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। उन्होंने मानव एवं वन्य जीव संघर्ष को रोकने के लिए भी योजनाएं बनाने की बात कही। कहा कि जंगली जानवर आबादी में न पहुंचे इसके लिए वन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। जंगलों से सटे आबादी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगाने की भी तैयारी चल रही है। इससे पूर्व काबीना मंत्री ने कण्वाश्रम क्षेत्र का भी भ्रमण किया। उन्होंने अधिकारियों को कण्वाश्रम के विकास के लिए बनाई योजनाओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, जिलाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत, मंडी समिति के अध्यक्ष सुमन कोटनाला आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते काबीना मंत्री सुबोध उनियाल

### कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बोले वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल

# सीयूईटी के प्रवेश पत्र जारी न होने से छात्रों में आक्रोश

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए एनटीए की ओर से आयोजित सीयूईटी परीक्षा देने से वंचित छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र जारी न होने पर एनएसयूआई छात्र संगठन, जय हो छात्र संगठन एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। उन्होंने तत्काल परीक्षा के आयोजन में हो रही अव्यवस्थाओं का संज्ञान लेकर उचित कार्यवाही की मांग की।

गुरुवार को एनएसयूआई के सूरज नेगी, एबीवीपी के अमन पंत एवं जय हो छात्र संगठन के कैवल्य जखमोला के नेतृत्व में छात्र गढ़वाल विवि के प्रति कुलपति प्रो. आरसी भट्ट एवं सीयूईटी के नोडल अधिकारी प्रो. अनिल कुमार नौटियाल से मिले। इस दौरान उन्होंने परीक्षा के आयोजन में बरती जा रही अव्यवस्थाओं पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया। छात्र नेता सूरज नेगी, कैवल्य जखमोला, अमन पंत ने कहा कि एनटीए द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा के लिए छात्रों के परीक्षा केंद्र मेरठ, बरेली जैसे स्थान आवंटित किए थे। पहाड़ की भौगोलिक परिस्तिथियों के कारण छात्र परीक्षा देने से वंचित रह गये। इस मामले में गढ़वाल विवि प्रशासन ने परीक्षा केंद्र दूर होने के चलते जो छात्र परीक्षा से वंचित रह गये थे उनकी परीक्षा गढ़वाल विवि में करवाए जाने कर आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक प्रवेश पत्र जारी नहीं हुए हैं। (एजेंसी)




उत्तराखण्ड को महत्व देने के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद। हम निश्चित रूप से मोदी जी की आकांक्षाओं का उत्तराखण्ड बनाएंगे। प्रदेश के लिए उनका योगदान वृहद है। उत्तराखण्ड से उनका रिश्ता मर्म एवं कर्म का है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड आज जिस तरह से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वो बहुत सराहनीय है। ये इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। और मेरा विश्वास है कि देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामर्थ्य के अनुरूप भी उत्तराखण्ड का विकास करना होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# विकास के नवरत्न

1

केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।

2

गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।

3

मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।

4

4000 से अधिक होम स्टे विकसित।

5

16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।

6

AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।

7

2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलपमेंट।

8

एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।

9

टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का विकास।

- चारधाम ऑल वेदर रोड
- दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे
- वन्देभारत एक्सप्रेस ट्रेन
- पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना
- पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरता उत्तराखण्ड
- भारतमाला परियोजना
- एक जिला-दो उत्पाद योजना
- निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति
- स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना
- स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# पत्नी के हत्यारोपी को आजीवन कारावास



बागेश्वर : जिला सत्र न्यायाधीश आरके खुल्बे की अदालत ने हत्या के बाद शव को दफानाकर साक्ष्य मिटाने पर अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 30 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना नहीं देने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। घटना 9 नवंबर 2021 की रात ग्राम अमोली, कौसानी की है। 38 वर्षीय अभियुक्त जगदीश राम पुत्र गोपाल राम का अपनी पत्नी दीपा देवी से झगड़ा हुआ। रात लगभग 11 बजे घर के नीचे खेत में उसने दीपा के सिर पर पत्थर मार दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद अभियुक्त घर गया, वहां से एक चादर लेकर आया और शव को बांधकर गेधेर में दफना दिया। मृतका का मोबाइल का सिमकार्ड भी तोड़ दिया और उसके कपड़ों को झाड़ी में छुपा दिया। उसके मायके में फोन से सूचना दी कि वह कहीं चली गई है। 18 नवंबर को गांव की लीला देवी, लता देवी, मुन्नी देवी आदि भौसिया सिमार गधेरे में घास काटने गईं थी। उन्हें बाल बिखरे हुए और मक्खियां भिनकते दिखाई दीं। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम प्रधान को दी। इसके बाद पुलिस ने शव बरामद किया। जिसकी शिनाख्त दीपा देवी पत्नी जगदीश राम के रूप में हुई। 20 नवंबर को कौसानी थाने में मृतका के भाई सूरज कुमार ने प्राथमिकी दर्ज करायी। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर चादर, पत्थर और मृतका के कपड़े बरामद किए। न्यायालय में आरोपत्र प्रेषित किया। अभियोजन के पक्ष से पैरवी करते हुए जिला शासकीय अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अधिवक्ता चंचल सिंह पपोला ने 17 गवाह परीक्षित कराए। जिला सत्र न्यायाधीश ने गवाहों के बयानों, एफएसएल रिपोर्ट, पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर दोषसिद्ध किया।

## मोदी सरकार ने डिजिटल इंडिया को धरातल पर उतारा

रुद्रपुर : कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने ग्रीनवुड सीनियर सेकंडरी स्कूल में गैर सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों और प्रधानाचार्यों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए संयुक्त प्रयास होना आवश्यक है। बुधवार शाम आयोजित बैठक में कैबिनेट मंत्री बहुगुणा ने कहा कि शिक्षा के लिए बेहतर कार्य हो रहा है। राजकीय महाविद्यालय की स्थापना हुई, जिसमें कक्षाएं संचालित करने की तैयारी चल रही है।

उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कहा कि मोदी सरकार ने डिजिटल इंडिया को धरातल पर उतारा है। स्किल इंडिया, स्टार्टअप से स्वरोजगार के द्वार खुले। युवा आज नौकरी के बजाय दूसरों को भी रोजगार देने के लिए कार्य कर रहे हैं। मोदी सरकार के नौ वर्ष के कार्यकाल में विदेशों में देश का डंका बजा है। उन्होंने प्रदेश की धामी सरकार की योजनाओं का ब्यौरा रखा। शिक्षा, तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कैबिनेट मंत्री ने विद्यालयों के प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर चर्चा की। सितारगंज क्षेत्र के युवाओं का विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए विद्यालयों के प्रबंधकों को भी बधाई दी। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, गोपाल सिंह बिष्ट, पलविंदर सिंह औलख, पुनीत गोयल, ध्रुवनारायण शर्मा, राजेश शैली, संतोष गुप्ता, जगदीश गुरुरानी, नवीन जोशी, सर्वजीत सिंह माटा, नरेश तिवारी, आकाश मित्तल, बलविंदर सिंह, प्रकाश बोरा, दीपू जोशी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# तहसील परिसर के पेड़ काटने का विरोध शुरू

बागेश्वर : तहसील परिसर में खतरे का सबब बने पेड़ तहसील प्रशासन के लिए जी का जंजाल बन गए हैं। पहले क्षेत्र के लोगों ने इसे काटने की मांग की। एसडीएम ने आपदा एक्ट में इन पेड़ों को काटना शुरू किया। अब पेड़ काटे जाने लगे तो विरोध शुरू हो गया है। प्रशासन ने 17 पेड़ों की अनुमति ली है। नीलामी के बाद इन्हें काटा जा रहा है। कटान के वक्त भित्त चित्र क्षतिग्रस्त होने से विरोध और बढ़ गया है। तहसील परिसर में यूकेलिप्टिस, तुन, आम समेत विभिन्न प्रजाति के 17 पेड़ लंबे समय से खतरे का सबब बने हुए हैं। इन पेड़ों को काटने के लिए अरायज नवीस, तहसील मार्ग पर रहने वाले लोग कई बार मांग कर चुके हैं। तहसील प्रशासन ने वन विभाग से पेड़ों को काटने की अनुमति मांगी। वन निगम ने करीब पौने दो लाख रुपये का स्टीमेट तहसील प्रशासन को दिया। राशि अधिक होने के कारण पेड़ कट नहीं सके। गत वर्ष पेड़ की एक टहनी एक कार पर गिर गई। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे के बाद पेड़ों को काटने की मांग तेज हो गई। इसके बाद एसडीएम ने मामले का संज्ञान लेकर डीएफओ ने नीलामी के आदेश मांगे। अनुमति मिलने के बाद आपदा एक्ट में पेड़ कटवाने की तैयारी हुई। नीलामी के बाद रामनगर के ठेकेदार ने चार दिन पहले पेड़ काटने शुरू कर दिए। इधर, पेड़ कटने के दिन से ही विरोध शुरू हो गया। एक दिन पहले पेड़ कटान के दौरान तहसील मार्ग पर बने भित्त चित्र क्षतिग्रस्त हो गए। इसके बाद और विरोध और तेज हो गया। लोगों ने क्षतिग्रस्त भित्त चित्र को ठीक करने की मांग की है। इधर, वन विभाग के रेंजर एसएस करायत ने बताया कि आपदा एक्ट के तहत पेड़ काटे जा रहे हैं। इसकी अनुमति प्रशासन ने ली है। एसडीएम बागेश्वर हरगिरी ने बताया कि तहसील परिसर में खतरे का सबब बने दस पेड़ों को काटा जा रहा है। इसके लिए वन विभाग से अनुमति ली है। नीलामी के बाद पेड़ कट रहे हैं। पेड़ कटान के दौरान जो भी नुकसान भित्त चित्र को हुआ उसे ठीक किया जाएगा। लोगों के हित को देखते हुए पेड़ों का कटान जरूरी हो गया था। वहीं जिलाधिकारी बागेश्वर अनुराधा पाल ने बताया कि तहसील परिसर में खतरे बने पेड़ काटने के लिए तहसील प्रशासन ने अनुमति ले रखी है।

## अपनी अपनी संपत्ति का सपूर्ण ब्यौरा, भूमि पर अतिक्रमण की संपूर्ण जानकारी दें: जिलाधिकारी



अल्मोड़ा। विभागीय परिसंपत्तियों के अतिक्रमण को रोकने तथा परिसंपत्तियों से अतिक्रमण को हटाने के संबंध में जिलाधिकारी विनीत तोमर ने सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग अपनी अपनी संपत्ति का सम्पूर्ण ब्योरा, अतिक्रमित की गई भूमि तथा अतिक्रमण हटाए गई भूमि की संपूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप में भरकर उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अपने अपने स्तर पर एक एक नोडल अधिकारी नामित करे, जिसके द्वारा संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के निर्देशानुसार इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता के साथ किया जाए।

इस दौरान बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामचंद्र राजगुरु, मुख्य विकास अधिकारी अंशुल सिंह, अपरजिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएमओ के आश्वासन पर आशाओं ने खत्म की हड़ताल

रुद्रपुर : हड़ताल पर चल रही आशा वर्करों का आठ माह का मानदेय जल्द दिलाया जाएगा। यह आश्वासन मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने आशा वर्कर के प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक करने के दौरान दिया। सीएमओ के आश्वासन के बाद आशाओं हड़ताल समाप्त कर दी। गुरुवार को सीएमओ डॉ. मनोज कुमार ने आशा वर्कर के जनपद समस्त ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा आशाओं को अप्रैल और मई माह का मानदेय जारी कर दिया है। उनके पिछले आठ माह के मानदेय का भुगतान भी एक सप्ताह के अंदर करा दिया जाएगा। कहा उन्होंने इसके लिए शासन से बजट मांगा है। उन्हें उम्मीद है बजट एक सप्ताह के अंदर मिल जाएगा।

# रेन बसेरे के विस्तारीकरण के विरोध में कलक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



बागेश्वर : सैम मंदिर वार्ड में स्थापित रैन बसेरा के विस्तारीकरण के विरोध में नदीगांव के लोगों ने गुरुवार को कलक्ट्रेट में नारेबाजी की। डीएम को ज्ञापन सौंपकर विस्तारीकरण कार्य रोकने के लिए नगर पालिका को निर्देश देने की मांग की है।

मानव उत्थान सेवा समिति से जुड़े और नदीगांव के लोग गुरुवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि नदीगांव में इन दिनों नगर पालिका रैन बसेरा का विस्तार कर रहा है। अब इसे बहुमंजिला बनाया जा रहा है। यदि इसे बहुमंजिला बनाया गया तो यहां जाने वाली सड़क निर्माण में बाधा पहुंचेगी। सड़क नहीं बनने से गर्भवती महिलाओं व रोगियों को अस्पताल ले जाने में भारी कठिनाई होगी। जहां रैन बसेरा बना है वहां अराजक तत्वों को जमावड़ा बढ़ रहा है। इससे क्षेत्र के निवासी आशंकित हैं। रेन बसेरा के पास मानव उत्थान सेवा समिति का आश्रम भी है। यहां बड़ी संख्या में महिलाएं सत्संग में शामिल होती हैं। अराजक तत्व बढ़ेंगे तो ये लोग असुरक्षित हो जाएंगे। उन्होंने डीएम से रैन बसेरा के विस्तारीकरण पर रोक लगाने व प्रस्तावित सड़क निर्माण तेज करने की मांग की है। इस मौके पर बंधीधर कांडपाल, हीरा सिंह, सतीश कांडपाल, मोहन सिंह, हरीश परिहार, कैलाश पाठक, नंदन परिहार, राकेश जोशी, चंदन टंगड़िया, हरीश जोशी, रमेश पांडेय व भगवती ध्पोला आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## ढाई महीने पहले हुई चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा



अल्मोड़ा। ढाई माह पुराने चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस मीडिया सैल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला 07 अप्रैल 2023 को मासी, चौखुटिया निवासी दयासागर ने थाना चौखुटिया में तहरीर दी थी कि उनके घर से अनुपस्थिति के दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात के समय घर के गेट व दरवाजे का ताला तोड़कर लगभग पैंतालीस हजार रुपए व अन्य सामान की चोरी की गई है। जिस पर थाना चौखुटिया में अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध तत्काल एफआईआर पंजीकृत की गई। चौखुटिया पुलिस द्वारा घटना के अनावरण व संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे थे। सीओ रानीखेत तिलक राम वर्मा के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार के नेतृत्व में चौखुटिया पुलिस द्वारा चोरी के अनावरण व घटना में संलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किए गए व सूचना संकलन कर सर्विलांस सेल की सहायता से बुधवार 21 जून को चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त भुवन जोशी उर्फ राजू(22 वर्ष) पुत्र पूरन चंद्र निवासी ग्राम धुधलिया महर, थाना चौखुटिया जिला अल्मोड़ा को भटकोट चौखुटिया से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 1500 रुपए व चोरी की घटना में प्रयुक्त हेक्सा ब्लेड व पेचकस बरामद करते हुए पंजीकृत अभियोग में आवश्यक कार्यवाही की गई। चोरी की राशि के संबंध में पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि शेष राशि उसने खर्च कर दी है।

## लापता नाबालिग की सीबीआईसी जांच की मांग उठाई

चम्पावत : लोहाघाट से करीब छह महीने पहले लापता हुई नाबालिग छात्रा का अब तक सुराग नहीं लग सका है। परिजनों ने मामले की जांच सीबीआई से कराने को सीएम को पत्र लिखा है। गुमशुदा छात्रा की मां ने सीएम को भेजे ज्ञापन में कहा कि 20 दिसंबर को उनकी बेटी स्कूल से वापस नहीं लौटी। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने जांच की लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। लापता छात्रा की मां ने अपनी बेटी के अपहरण की आशंका जताई है। बताया कि लोहाघाट पुलिस थाने के कई चक्कर काटने के बाद वह एसपी से भी मिले। बल्कि महिला आयोग के संज्ञान में भी मामले को डाला गया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो सकी।

# बेलगाम टैक्सी चालकों पर कार्रवाई की जाए

चम्पावत : पूर्णागिरि से लगे थ्वालखेड़ा गांव के बीच बनी सड़क से टैक्सी चालक धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बेलगाम टैक्सी चालकों पर कार्रवाई की मांग की है।

थ्वालखेड़ा ग्राम प्रधान दीपा बोहरा ने बताया कि कुछ टैक्सी चालक स्टैंड से सवारियों को बिठाकर हनुमानगढ़ी से होते हुए थ्वालखेड़ा गांव की मुख्य सड़क से गुजरकर ठुलीगाड़ को जा रहे हैं। कहा कि टैक्सी चालकों को इस मार्ग का उपयोग न करने की बात कही। मगर हालात जस के तस हैं। ग्रामीणों ने कहा कि वाहन इतने तेज रफ्तार से गांव की सड़क में दौड़ रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। बूम चौकी प्रभारी सोनू बोहरा ने बताया कि ग्रामीणों ने मौखिक तौर पर पुलिस के संज्ञान में मामला डाला है। वाहनों को रोककर चालानी कार्रवाई की जा रही है। इधर, कोतवाल चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने पर रोडवेज स्टेशन के पास से सवारियां ढोते पकड़े गए तीन वाहनों को सीज किया है। (एजेंसी)

## मजदूरों को चैक देने या बैंक खाते में भुगतान करने की मांग

पिथौरागढ़। मजदूर ट्रेड यूनियन ने भवन बना रहे भवन स्वामियों से चैक या बैंक एकाउंट में ही मजदूरों की धनराशि डालने की मांग की है। गुरुवार को मजदूर ट्रेड यूनियन की बैठक अध्यक्ष चंचल राम की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि नगर में 2 हजार व जनपद में 5 हजार से अधिक ठेकेदार भवन निर्माण कार्य से जुडे हैं। एक मकान निर्माण में 20 लाख से 80 लाख तक लागत आ रही है। ठेकेदार अपना रजिस्ट्रेशन किए बिना ही यहां भवन निर्माण का काम कर रहे हैं।

# कपकोट में बारिश से सरयू उफान पर, पेयजल आपूर्ति ठप



बागेश्वर : दिनभर उमसभरी गर्मी के बाद बुधवार रात जिले में जमकर बारिश हुई। कपकोट में सबसे अधिक 110 मिमी बारिश हुई। इससे सरयू नदी उफान पर आ गई। नदी के उफनाने से जिला मुख्यालय में भी पानी की सप्लाई बंद हो गई। नगर के लिए बनी योजना में सिल्ट भर गया। लोगों ने हैंडपंप और जलस्रोतों से ढोकर पानी की व्यवस्था की। बारिश के बाद तापमान में भी कमी आई, लेकिन गुरुवार को धूप निकलने के बाद दोबारा उमस बढ़ गई। बुधवार रात नौ बजे से समूचे जिले में गरज–चमक के साथ बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश कपकोट तहसील में 110 मिमी दर्ज की गई। बागेश्वर में पांच व गरुड़ में डेढ़ मिमी बारिश हुई है। कपकोट में बारिश अधिक होने के कारण फरसाली के निकट मोटर मार्ग अवरुद्ध हो गया। लोनिवि ने जेसीबी भेजकर मार्ग खुलवाया। लंबे समय से धधक रहे जंगलों की आग भी बारिश से बुझ गई। गुरुवार सुबह तक बारिश होती रही, लेकिन दस बजे बाद मौसम साफ हो गया। इसके बाद एक बार फिर उमस भरी गर्मी बढ़ने लगी। सरयू के उफनाने से नगर में पानी का संकट गहरा गया। सरयू नदी में बनी पेयजल योजना में सिल्ट भर गया। लोगों ने हैंडपंपों व स्रोतों से पानी ढोकर अपने दैनिक कार्य किए। (एजेंसी)

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव की तैयारियां शुरू

नैनीताल। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की गुरुवार को बार सभागार में आम सभा हुई। जिसमें बार एसोसिएशन के नए चुनाव के लिए डीके जोशी को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष प्रभाकर जोशी की अध्यक्षता में हुई सभा में एक वर्ष की उपलब्धियां व आय व्यय का ब्योरा रखा। संचालन महासचिव विकास बहुगुणा ने किया। बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता एमसी कांडपाल, अरविंद शर्मा, केएस बोरा,पीएस बिष्ट, राजेश शर्मा, डॉ. कैलाश तिवारी, टीपीएस टाकुली, मुकेश रावत, हर्षपाल सेखों मौजूद रहे।

## धरने के 5000 दिन पूरे होने पर सरकार के खिलाफ गरजे एसएसबी गुरिल्ले

अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में धरने को 5000 दिन पूरे होने पर एसएसबी स्वयं सेवकों ने गांधी पार्क में प्रदर्शन किया तथा गांधी पार्क से शिखर चौराहे तक रैली निकाली। रैली में एसएसबी गुरिल्ले अपनी मांगों के समर्थन तथा सरकार द्वारा आंदोलन की अनसुनी किये जाने पर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए नारे लगा रहे थे। गांधी पार्क में सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 17 साल लंबा आंदोलन तथा 5000 दिन से लगातार धरना जहां गुरिल्लों के धैर्य की कड़ी परीक्षा है वहीं सरकार की रहस्यमय चुप्पी प्रजातांत्रिक सरकार पर सवाल है विशेष रूप से जब मामला सीमावर्ती क्षेत्रों से जुड़ा हो। केन्द्र सरकार ने विगत वर्षो में गुरिल्लों का सत्यापन कराया, एसएसबी से गुरिल्लों के समायोजन का प्रस्ताव भी मंगाया, फिर कुछ किया नहीं बस राज्यों को एक साधारण सा पत्र लिख दिया कि राज्य सरकार केन्द्र सहायातित योजनाओं में गुरिल्लों को समायोजित करें और राज्य सरकार ने उन पत्रों पर कार्यवाही नहीं की, राज्य सरकार ने अपने शासनादेश भी लागू नहीं किए और ना ही मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठक के निर्णयों पर कार्यवाही की, इसलिए आज प्रदर्शन के बाद 23 जून से एसएसबी गुरिल्लों द्वारा पूरे प्रदेश में जनजागरण यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा चितई गोलज्यू मंदिर से प्रारम्भ होगी। वक्ताओं ने कहा यात्रा के माध्यम से पूरे प्रदेश के गुरिल्लों को एक जुट किया जाएगा तथा सरकार को चेताया जाएगा कि आज भी सीमावर्ती राज्यों में गुरिल्लों के सहयोग से अलगाववादी, आंतकवादी गतिविधियों पर नियंत्रण किया जा सकता है। लेकिन ये समझ से परे है कि सरकार को यह क्यों समझ में नहीं आ रही। अनेक वक्ताओं ने सरकार के रवैए पर भारी आक्रोश व्यक्त किया। वक्ताओं ने उग्र आंदोलन छेड़ने, चुनाव में नोटा दबाने, चुनाव बहिष्कार जैसे निर्णय संगठन से लेने की मांग की। रैली और प्रदर्शन में अल्मोड़ा जनपद के अलावा नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत, चमोली, पौड़ी से भी गुरिल्लों ने भागीदारी की। सभा को केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मा नंद डालाकोटी, पौड़ी के जिलाध्यक्ष मान सिंह, चमोली के जिलाध्यक्ष गुलाब सिंह बिष्ट, नैनीताल के जिलाध्यक्ष पीतांबर मेलकानी, चंपावत के ललित बगौली, बहादुर सिंह मेहता, कैलाश शाह, चन्द्र कांत उपाध्याय, रंजीत शाह, भोला दत्त शर्मा आदि ने सम्बोधित किया।

# नाबार्ड देहरादून के मुख्य महाप्रबंधक ने की अल्मोड़ा जिला सहकारी बैंक की सराहना



अल्मोड़ा। गुरूवार को अल्मोड़ा जिला सहकारी बैंक मुख्यालय में नाबार्ड, देहरादून के मुख्य महाप्रबन्धक बी के बिष्ट का बैंक के अध्यक्ष ललित लटवाल, सचिव व महाप्रबन्धक एम एस भण्डारी, उपमहाप्रबन्धक जीवन पन्त, डी एस नपलच्याल एवं बैंक के कर्मचारियों के द्वारा स्वागत किया गया।

बैंक के अध्यक्ष ललित लटवाल की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड देहरादून एवं बैंक मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान बैंक के 05 वर्षों की प्रगति की पुस्तक का विमोचन मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड द्वारा किया गया। बैंक के सचिव, महाप्रबंधक द्वारा बैंक की योजनाओं एवं प्रगति की जानकारी दी गई तथा मोबाईल बैंकिग एवं नैट बैंकिग / यूपीआई की सुविधा प्रदान करने का अनुरोध किया गया।

बैंक अध्यक्ष ललित लटवाल द्वारा भी बैंक प्रगति की जानकारी दी गई एवं मुख्य अतिथि को धन्यवाद दिया गया। बैठक में पीयूष गुणवन्त द्वारा बैंक की प्रगति के 05 वर्षों की प्रगति को पावर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदर्शित कर बैंक की प्रगति का विवरण रखा गया।

बैठक में निक्षेपों में वृद्धि लाने हेतु विशेष अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया गया एवं बैंक के निक्षेपों में प्रतिवर्ष कम से कम 15 प्रतिशत की वृद्धि कराने के निर्देश दिए गए। मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड द्वारा अवगत कराया गया कि निक्षेपों का 84 प्रतिशत विनियोजन किया जा रहा है। उक्त में ऋण वितरण को प्रतिवर्ष 20 प्रतिशत बढाने का सुझाव दिया। मुख्य अतिथि द्वारा अवगत कराया गया कि गोदाम एवं मिनी ट्रक हेतु समितियों को 04 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण वितरण करने के निर्देश दिए गए। जिसमें भारत सरकार द्वारा 03 प्रतिशत का ब्याज अनुदान की छूट भी प्रदान की जाएगी।

पैक्स सौन्दर्यीकरण हेतु 3.00 लाख तक प्रति पैक्स अनुदान देने एवं पैक्सों को एमपैक्स के रूप में अनिवार्य रूप से 02 समितियों को लाभ प्रदान कराने के निर्देश दिए गए। जनपद में एफपीओ के गठन के निर्देश दिए गए। साथ ही समितियों के इम्बैलेंस को समाप्त करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य महाप्रबन्धक द्वारा एनपीए 04 प्रतिशत, नैट एनपीए शून्य प्रतिशत, निक्षेप एवं ऋण वितरण की प्रगति पर बैंक की सराहना की गई। जिला प्रबन्धक गिरीश पन्त द्वारा भी बैंक की प्रगति पर सराहना की गई।

यहाँ बैठक में भूपेन्द्र बिष्ट, शेखर बिष्ट, राजीव कुमार, श्रीमती लता, श्रीमती निशा, पीयूष गुणवन्त, रामशंकर उपस्थित थे।

# त्रियुगीनारायण में वेडिंग डेस्टिनेशन व होम स्टे की अपार संभावनाएं

### सभी अफसरों को हो विभागीय योजनाओं की जानकारी

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद भ्रमण पर पहुंचे सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग उत्तराखंड शासन दीपक कुमार ने गुप्तकाशी लोनिवि गेस्ट हाउस में जनपद स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली। कहा कि सभी विभागीय अधिकारियों को सरकार द्वारा संचालित सभी विभागीय योजनाओं जानकारी होनी चाहिए।



सचिव ने कहा कि त्रियुगीनारायण में वेडिंग डेस्टिनेशन व होम स्टे की अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए उन्होंने ग्रामीणों के लिए कार्ययोजना तैयार करने को कहा। साथ ही कृषि खेतों में पावर वीडर का उपयोग करने की बात कही। सचिव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ संचालित योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया जाए, ताकि पात्र व्यक्तियों को संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध हो सके और उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके।

कहा कि मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अतिरिक्त अन्य सभी रोजगार परियोजनाओं के अंतर्गत आवेदन करने वाले बेरोजगारों को यथाशीघ्र योजना से लाभान्वित किया जाय। साथ ही निर्धारित लक्ष्य से अधिक आवेदन पत्र आने पर लक्ष्य संशोधन हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराते हुए शासन को प्रेषित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्माणाधीन सड़कों एवं उन पर बनने वाले बाईपास के निर्माण कार्य से पूर्व स्लाइडिंग जोन का परीक्षण प्रतिष्ठित संस्थाओं से सर्वेक्षण करवाया जाए। उन्होंने चिकित्सालयों में बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अलावा सचिव ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा के साथ ही सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की प्रगति, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री सड़क योजना, वीर चंद्र सिंह गढवाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना आदि संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट,जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चैधरी, तहसीलदार ऊखीमठ दीवान सिंह राणा, प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुभाष रावत, ग्राम प्रधान त्यूडी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आंदोलनकारियों ने उठाई दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बहाली की मांग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानी मोर्चा ने मुख्यमंत्री से राज्य आंदोलनकारियों के लिए राज्य की सरकारी सेवाओं में दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण बहाली व चिन्हीकरण की प्रक्रिया पूर्ण करने की मांग की है। मांगों के निराकरण को लेकर आंदोलनकारियों ने तहसील में प्रदर्शन किया और उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।



ज्ञापन में आंदोलनकारियों ने कहा है कि खटीमा विधायक के रूप में मुख्यमंत्री ने सदन के बाहर और भीतर दोनों स्थानों पर राज्य आंदोलनकारियों की मांगों को प्रमुखता से उठाया। उनके मुख्यमंत्री बनने के पश्चात राज्य आंदोलनकारी अपनी मांगों के निराकरण को लेकर आश्वस्त थे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में 31 दिसंबर 2021 को विभिन्न जिलों में आंदोलनकारी चिन्हीरण समितियों की बैठक हुई, लेकिन पौड़ी में कोई बैठक नहीं हुई। वहीं राज्याधीन सेवाओं में आंदोलनकारियों को दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के विषय में 13 मार्च 2023 की गैरसैण कैबिनेट में वन मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता वाली कैबिनेट उप समिति की सिफारिश को मंजूरी दी गई, लेकिन आज तक सरकार की ओर से इस संबध में कोई अधिसूचना या अध्यादेश तक जारी नहीं किया गया, इस कारण आंदोलनकारियों में रोष पनप रहा है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आंदोलनकारियों की मांगों पर 15 दिन के अंदर निर्णायक कार्रवाई करने की मांग की गई है और ऐसा न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

ज्ञापन प्रेषित करने वालों में मोर्चा अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत, गुलाब सिंह रावत, पुष्कर सिंह, नंदकिशोर डबराल, दुर्गा काला, रीना देवी, राकेश लखेड़ा, पार्वती अधिकारी और कल्पेश्वरी देवी आदि थे।

# श्रीनगर के देवांश ने रूस में जीता गोल्ड मेडल

श्रीनगर गढ़वाल : रूस में आयोजित वर्ल्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में श्रीनगर गढ़वाल के देवांश नौटियाल ने 32 देशों से आये प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल हासिल कर श्रीनगर और उत्तराखंड का नाम रोशन किया। वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने के बाद श्रीनगर पहुंचने पर उनके परिजनों एवं स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया।

रूस से जीतने के बाद श्रीनगर पहुंचे देवांश नौटियाल ने कहा कि गोल्ड जीतने के बाद उनका आगे का लक्ष्य ओलंपियाड में एन्ट्री कर देश के लिए गोल्ड मेडल जीतने का है। इसके लिए सरकार को चाहिए कि ऐसे खेलों में आगे रहने वाले खिलाड़ियों को मौका दें। देवांश ने कहा कि सरकार को ऐसे खेलों को बढ़ावा देने के लिए खिलाड़ियों को आने–जाने रहने का खर्च वहन करना चाहिए। देवांश की माता शैला नौटियाल एवं पिता दीपक नौटियाल ने बेटे के गोल्ड मेडल जीतने पर खुशी जाहिर की। कहा कि उनका बेटा आगे भी देश का नाम रोशन करे इसके लिए पूरा सहयोग परिजनों का रहेगा। उन्होंने बेटे की जीत का श्रेय उसके दिवंगत दादा स्व. भगवती प्रसाद नौटियाल को दिया। गुरुद्वारा प्रबन्धक हरविन्द्र सिंह लक्की, भाजपा नेता देवेन्द्र मणि मिश्रा, डॉ. सुधीर जोशी, गौरव ने देवांश को बधाई दी। कहा कि देवांश ने रूस में गोल्ड जीतकर देश और श्रीनगर गढ़वाल का नाम रोशन किया है। इस मौके पर गिरीश नौटियाल, मनोज नौटियाल, सुमन नौटियाल, ऋचा नौटियाल, आशा डोभाल, शिव प्रसाद, सुमित, ऋषभ, सूरज, आदित्य, साक्षी, जानवी, बबीता, मनोरमा, स्तुति, हार्दिक, सुनिधि आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### पीसीपीएनडीटी के सदस्य बनें लक्ष्मण

रूद्रप्रयाग : सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह बिष्ट को स्वास्थ्य विभाग में (पीसीपीएनडीटी) जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित होने पर लोगों ने खुशी व्यक्त की है। साथ ही रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी का आभार व्यक्त किया।

इधर, सदस्य बनने पर लक्ष्मण बिष्ट ने विधायक भरत सिंह चौधरी एवं उत्तराखंड सरकार का आभार जताया।

### थत्यूड़ क्षेत्र में गुलदार की दहशत, घरों में दुबकने को लोग मजबूर

टिहरी : थत्यूड़ क्षेत्र के मुदणी, सोनाव, जालसी, थपला, ढाणा बाजार में गुलदार के दिखाई देने से लोगों में दहशत बनी है। लोगों ने वन विभाग क्षेत्र गुलदार को पकड़ने के लिये पिंजरा लगाने के साथ गस्ती दल की तैनाती की मांग की है। थत्यूड़ के ढाणा बाजार के साथ आसपास के गांवों में गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल है। सोनाव गांव निवासी भाग सिंह, मुंदणी निवासी पिंटू रौतेला तथा जालसी निवासी लाखी सिंह पंवार ने बताया कि बीते कई दिनों क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी से लोगों में दशहत का है। शाम होते ही लोग घरों में दुबक जाते है। बताया इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया गया है, वन विभाग द्वारा लोगों से अकेले में इधर-उधर न जाने के साथ सर्तकता बरतने की सलाह दी गई है।

# प्रस्तावित कार्य योजना को प्राथमिकता से शामिल किया जाए

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने मनरेगा एवं 15वें वित्त के तहत जल निगम, जल संस्थान एवं खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से मनरेगा कन्वर्जन के तहत किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में विकास भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली।



बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने जल निगम, जल संस्थान, पंचायती राज एवं खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा कन्वर्जन एवं 15वें वित्त के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराए जाने के लिए जो भी कार्ययोजना बनाई जा रही हैं उनमें प्राथमिकता से कार्य करना सुनिश्चित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए जो पेयजल स्रोत सूख रहे हैं उन स्रोतों को रिचार्ज कराने के लिए जो भी चालखाल, खंती, प्लांटेशन के कार्य किए जाने हैं उसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। प्रस्तावित कार्य योजना को प्राथमिकता से शामिल किया जाए। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में पेयजल स्रोतों को रिचार्ज करना है उनको चिन्हित करते हुए सूची तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि 15वें वित्त के तहत जो भी स्वच्छता, टाइड एवं अन टाइड फंड व ग्रे वाटर मैनेजमेंट के तहत जो भी कार्य किए जाने हैं तथा जिस योजना के तहत जो भी कार्य किए जाने हैं उनके ग्राम पंचायतवार सूची तत्काल उपलब्ध कराएं। सीडीओ ने ग्रामीण क्षेत्रों में कचरा प्रबंधन के उचित निस्तारण हेतु खंड विकास अधिकारियों को जो वाहन उपलब्ध कराए गए हैं उन वाहनों के संचालन के संबंध में वाहन चालक रखने, डीजल, पेट्रोल एवं पर्यावरण मित्र रखने एवं रूट चार्ट तैयार करने के लिए खंड विकास अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार शिडिंग, जॉब कार्ड वेरिफिकेशन आदि की समीक्षा के दौरान किए जा रहे कार्यों को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी अनीता पंवार, अधिशासी अभियंता जल निगम नवल कुमार, जल संस्थान अनीश पिल्लई, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रेम सिंह रावत, खंड विकास अधिकारी अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट, जखोली दिनेश प्रसाद मैठाणी, ऊखीमठ सूर्य प्रकाश शाह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अफसर तत्परता से कार्यवाही करें : सीडीओ



जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : मुख्य विकास अधिकारी ने शिक्षा, पशुपालन, पर्यटन, आयुर्वेदिक एवं चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए जो भी निर्माण कार्य प्रस्तावित किए गए हैं उन कार्यों में प्राथमिकता वाले कार्यों को पहले शुरू करते हुए उनके लिए जो भी कार्यवाही की जानी हैं उन पर कार्यवाही तत्परता से करते हुए निर्माण कार्य शुरू करना सुनिश्चित करें। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए हैं कि माध्यमिक एवं शिक्षा के अंतर्गत उनके अधीन दो कार्यदायी संस्था कार्य करा रही हैं उनमें फिफ्टी–फिफ्टी प्रतिशत कार्य आवंटित करते हुए तत्परता से कार्य शुरू कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार से कोई शिथिलता एवं विलंब न किया जाए।

जिला सेक्टर, राज्य सेक्टर, केंद्र पोषित योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 व वर्ष 2023-24 के अंतर्गत पशुपालन, पर्यटन, शिक्षा, चिकित्सा व आयुर्वेदिक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं किए जा रहे निर्माण कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार ने विकास भवन सभागार में समीक्षा की। बैठक में शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि जिला योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा के तहत वर्ष 2023 में किए जाने वाले कार्यों के लिए 2 करोड़ 33 लाख 62 हजार की धनराशि स्वीकृत हुई है। बेसिक शिक्षा के लिए 2 करोड़ 35 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा के तहत 22 कार्य किए जाने हैं जिसमें कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग एवं पेयजल निगम है, जिसके तहत कक्षा कक्षों का निर्माण, सुरक्षा दीवार आदि कार्य किए जाने हैं। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार, जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. भरत कुमार, अपर संख्याधिकारी सतेंद्र सैनी, सहायक अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग आशीष बहुगुणा, शिक्षा विभाग के राजेश पुरोहित, पर्यटन व स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### नहीं थम रहा लंपी रोग का कहर, चपेट में सैकड़ों पशु

चमोली : चमोली जनपद में मवेशियों में लंपी रोग का कहर थम नहीं रहा है। सैकड़ों मवेशी इसकी चपेट में हैं। जिससे पशुपालकों की चिंता बढ़ी है।

पशुपालकों ने सरकार से शीघ्र इस बीमारी के लिए कारगर कदम उठाने की मांग की है। आनन्द सिंह, गोविन्द सिंह, प्रताप लाल ने जिला पशुपालन अधिकारी से पशुपालकों की इस परेशानी से अवगत कराते हुए शीघ्र निराकरण की मांग की है। पशुपालन विभाग का कहना है लंपी रोग को नियंत्रित के लिए टीकाकरण तेज कर दिया है। जिले भर में अब तक 42 हजार से अधिक पशुओं का वैक्सीनेशन किया जा चुका है। जिले में एक हजार से अधिक पशु इस बीमारी की चपेट में आ चुके हैं।

# मानदेय की मांग को लेकर डीएम से मिलें अतिथि शिक्षक

रूद्रप्रयाग : जनपद के माध्यमिक अतिथि शिक्षकों को वेतन न मिलने से उनके सामने परिवार चलाने का आर्थिक संकट आ गया है। उन्होंने कहा कि सीईओ के बार-बार आदेश के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी वेतन भुगतान नहीं कर रहे हैं। गुरुवार को अतिथि शिक्षकों ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन देते हुए कार्रवाई की मांग की।अतिथि शिक्षक संघ के अध्यक्ष आशीष जोशी ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी अगस्त्यमुनि, जखोली और ऊखीमठ द्वारा जनपद में कार्यरत समस्त अतिथि शिक्षकों का माह मई का महज 26 दिन का ही वेतन भुगतान किया गया, जबकि माह जून के मानदेय भुगतान के लिए स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया। इससे शिक्षकों में काफी निराशा है और उनमें आक्रोश है। कहा कि इससे पूर्व 2015 से निरंतर माह जून का वेतन भुगतान किया जाता रहा है, किंतु वर्तमान समय में ही अड़चन लगाई जा रही है। जबकि उत्तराखंड के अन्य जनपदों में विभाग के शीतकालीन एवं विस्तार की इन अवधि को शैक्षिक सत्र में शामिल मानते हुए आदेशानुसार वेतन भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा अधिकारी द्वारा बार-बार आदेशित किए जाने के बाद भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा इस प्रकरण में आदेशों की अवहेलना करना न्याय संगत नहीं है। मंहगाई के दौर में अतिथि शिक्षक मानसिक रूप से परेशान हो गए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से शीघ्र उक्त मामले में कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष आशीष जोशी, महामंत्री चैन सिंह पंवार, उपाध्यक्ष बीना किमोठी, मीडिया प्रभारी विनय जगवाण, संरक्षक जितेंद्र करासी, कोषाध्यक्ष वासुदेव भट्ट सहित कई शिक्षक शामिल थे। (एजेंसी)

### शिविर 24 जून को

चमोली : भारत के प्रथम विक्टोरिया क्रॉस वीर शिरोमणि दरबान सिंह नेगी की 73वीं पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव कफारतीर खैतोलीखाल में 24 जून को बहुदेशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें जनता की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### दौड़ में हितेश ने दूसरी बार जीता टफमैन का खिताब

चमोली : 13000 फीट की ऊंचाई पर 80 किलोमीटर रोहतांग दर्रा दौड़ 13 घंटे में पार कर पिंडर घाटी के हितेश कुनियाल ने लगातार दूसरी बार टफमैन का खिताब हासिल किया है। जिस पर पिण्डर घाटी में खुशी का माहौल है। जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने उनकी इस सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हितेश ने खिताब हासिल कर पिण्डर घाटी का मान बढ़ाया है। विकासखंड देवाल के दूरस्थ गांव देवस्थली के 30 वर्षीय युवक हितेश कुनियाल ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाते हुए अपने गांव और प्रदेश का नाम रोशन किया।


नोटिस (82 द0प्र0सं0)

**अदालती सूचना**

**न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक/न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार जनपद पौड़ी गढ़वाल**

**परिवाद संख्या 950 सन् 2019**

**सुनील थपलियाल**

बनाम प्रीतम सिंह चौहान

प्रेषिती :- थानाध्यक्ष कोटद्वार

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि प्रीतम सिंह चौहान पुत्र आनन्द सिंह चौहान निवासी पुष्प विहार पदमपुर सुखरौ, कोटद्वार के द्वारा अन्तर्गत धारा 138 एन0आई0एक्ट का अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त प्रीतम सिंह चौहान मिल नहीं रहा है/फरार हो गया है या उक्त वारण्ट की तामिली से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है। इसलिये इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि प्रीतम सिंह चौहान से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (मेरे समक्ष) उक्त परिवादी का उत्तर देने के लिए दिनांक 30/06/2023 को हाजिर हो।

**दिनांक 23/05/2023**

**(न्यायालय की मुद्रा)**

**ईशांक**

**न्यायिक मजिस्ट्रेट**

**कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल**


### गुलदार ने आंगन में बैठी महिला पर किया हमला

टिहरी : प्रतापनगर के आबकी गांव में बुधवार रात को गुलदार ने घर के आंगन में अपने पोतों के साथ बैठी महिला पर हमला कर घायल कर दिया। महिला को प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे हायर सेंट रेफर कर दिया।प्रतापनगर के भदूरा पट्टी के आबकी गांव में बीते बुधवार रात करीब नौ बजे घर के आंगन में अपने पोतों के साथ बैठी चंद्रमा देवी (58) पत्नी अब्बल सिंह पर गुलदार ने घर की छत से छंलाग लगाकर हमला कर दिया। परिजनों के शोर मचाने पर गुलदार महिला को घायल कर भाग गया। परिजन और ग्रामीण महिला को उपचार हेतु सीएचसी चौंड लंबगांव लाये, जहां डॉ. आशुतोष ने महिला का प्राथमिक उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा चंद्रमा देवी को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट में भर्ती करवाया है, जहां महिला की हालत खतरे से बाहर बताई है। ग्राम प्रधान शिवराज रमोला का कहना कि दो माह पूर्व भी गुलदार ने क्षेत्र के बौसाड़ी गांव की एक महिला पर हमला कर घायल कर दिया था, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वन विभाग की ओर से गांव में गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया, लेकिन गुलदार पकड़ में नहीं आ पाया। गुलदार के हमले से क्षेत्र के लोगों दहशत है। उधर रेंज अधिकारी मुकेश रतूड़ी का कहना कि गुलदार की लोकेशन ट्रेस करने के लिए आबकी गांव में कैमरे लगाये गये हैं, साथ ही पिंजरा लगाने की कार्यवाही भी की जा रही है, रात्रि गश्त हेतु गांव में वन विभाग की टीम को तैनात किया गया है। इस संबंध में उच्चाधिकारियों को अवगत करवाया गया है। नियमानुसार घायल महिला को मुआवजा दे दिया जाएगा। लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की गई है। (एजेंसी)

### पुरोला एसओ ने व्यापारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की

उत्तरकाशी : नगर पंचायत क्षेत्र पुरोला में पूर्व में घटित घटनाओं व वर्तमान हालातों के बाद शांति व्यवस्था को लेकर नवनियुक्त थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने व्यापार मंडल व समुदाय विशेष के व्यापारियों के साथ संयुक्त बैठक की। इस दौरान आपसी भाई-चारा सौहार्द्र बनाए रखने तथा पिछले सप्ताह पुरोला में घटित घटनाओं के निस्तारण में पुलिस को सकारात्मक सहयोग देने पर आभार जताया।थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने गुरूवार को पुरोला में कार्यभार ग्रहण करने के बाद व्यापार मंडल, समुदाय विशेष के व्यापारियों के साथ बैठक कर हालातों की समीक्षा की। उन्होंने दुकानों में काम करने वाले बाहरी कामगारों का जरूरी सत्यापन करवाने तथा प्रतिष्ठानों पर सही नाम एवं पता लिखा बोर्ड व रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिए।

# शराब तस्करी के आरोप में छः नेपाली गिरफ्तार

रुद्रप्रयाग : प्रचलित यात्रा काल में नशे एवं शराब तस्करी की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु पुलिस अधीक्षक, रुद्रप्रयाग ने सभी अधीनस्थों को समय–समय पर आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये हैं। प्राप्त निर्देशों के क्रम में जनपद पुलिस के स्तर से निरन्तर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे हैं। पुलिस उपाधीक्षक, ऑपरेशन्स के पर्यवेक्षण में थाना ऊखीमठ पुलिस द्वारा थाना ऊखीमठ क्षेत्रान्तर्गत स्थित भीरी, काकड़ागाड़, कुण्ड व चोपता क्षेत्रान्तर्गत निरन्तर चेकिंग की जा रही है। चेकिंग के दौरान 06 नेपाली मूल के व्यक्तियों के कब्जे से अलग-अलग मात्राओं में 52 पव्वे एवं 52 अद्धे सोलमेट व्हिस्की, 28 बोतल एवं 26 अद्धे मैक्डॉवल नम्बर 1 व्हिस्की (कुल



मात्रा बोतल के अनुसार 78 बोतल) अवैध शराब की बरामदगी हुई। इनके द्वारा यह शराब अपने-अपने पिट्ठू बैगों में ले जायी जा रही थी। इनके विरुद्ध थाना ऊखीमठ पर आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की गयी है। गिरफ्तार व्यक्तियों का विवरण करन पुत्र बिल बहादुर निवासी ग्राम सुरखेत, जिला रापोति, नेपाल, गोपाल बहादुर पुत्र धन बहादुर निवासी ग्राम सुरखेत, जिला रापोति, नेपाल, टेक बहादुर पुत्र देवचन्द्र निवासी ग्राम दांग, जिला कैलागि, नेपाल, विक्रम मल्ला पुत्र केसर सिंह निवासी ग्राम सिरी, जिला मुगू, नेपाल, प्रेम मल्ला पुत्र सूर्य बहादुर निवासी ग्राम सिरी, जिला मुगू, नेपाल, बैराभ मल्ला पुत्र सुत्त बहादुर निवासी ग्राम सिरी, जिला मुगू, नेपाल ये सभी प्रचलित यात्रा काल में सोनप्रयाग गौरीकुण्ड क्षेत्रान्तर्गत, घोड़ा खच्चर संचालन व मजदूरी का काम करते हैं। प्रचलित यात्रा काल के शुरुआती 02 महीने में जनपद रुद्रप्रयाग के स्तर से शराब तस्करी की शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही की गयी है। अब तक पुलिस के स्तर से कुल 32 मुकदमों में 47 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 1029 बोतल शराब की बरादगी की गयी है, जिसका अनुमानित मूल्य 6,68,850 है। (एजेंसी)

सम्पादकीय

# देश में बढ़ता यौन का घृणित अपराध

यह बर्बर और घिनौना सच राजधानी दिल्ली का ही नहीं, मुम्बई, हैदराबाद, रायपुर, सहारनपुर और केरल के किसी भी शहर का हो सकता है। युवा पीढ़ी भटक चुकी है। उसकी कई स्टोरी हैं। अब 7 उसकी प्राथमिकता 'रिलेशनशिप की है। खाने को दाने न हों, पढ़ाई अभी अधूरी हो, करियर की शुरुआत भी न हुई हो, लेकिन किशोर बच्चे भी 'संबंध' में रहना चाहते हैं। ऐसे संबंधों की नियति सिर्फ 'हत्या' होती है। हम कई मामले ऐसे देख–पढ़ चुके हैं। सबसे ज्यादा झकझोरने वाला प्रसंग श्रद्धा– आफताब का रहा है। हत्यारे ने अपनी लिव इन पार्टनर की हो हत्या कर दी और फिर लाश के 35 टुकड़े कर इधर–उधर बिखेर दिए। हत्यारा आज भी जिंदा है और जेल में है। अदालत में अभी केस चलना है। न जाने सजा कब तक होगी? यदि हमारी न्याय प्रणाली के तहत आफताब को फांसी पर लटका दिया गया होता, तो शायद राजधानी दिल्ली का हत्याकांड न होता ! कातिल मुहम्मद साहिल खान अपनी ही 'दोस्त' की दरिंदगी से, राक्षसी व्यवहार से, हत्या करने से पहले चार बार सोचता ! राजधानी में बीते रविवार को मात्र 20 साल के एक सिरफिरे युवा ने, दिन–दहाड़े, ङ्गगुजरते लोगों के बीच, अपनी ही 16 वर्षीया नाबालिग 'दोस्त' की बर्बर हत्या कर दी। खंजरनुमा चाकू से 21 वार किए। लड़की को बार–बार गोदने के बाद, उस पर पत्थर से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। इनसान है या दानव की कोई नस्ल है! राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो दिल्ली को 'अपराध की राजधानी' करार देता रहे अथवा पुलिस की निष्क्रियता, नालायकी के मद्देनजर उसे जमकर कोसा जाए, लेकिन जघन्य अपराध के साथ–साथ यह सामाजिक नैतिकता, मानवीय संस्कार और उदासीनता का भी मामला है। साहिल लडकी पर कातिलाना वार कर रहा था। लडकी मदद के लिए चीख रही थी। गली भरी–पूरी थी और 17 लोग उस दौरान वहां से गुजरे थे। यह सीसीटीवी का प्रमाण है और पुलिस का भी खुलासा है। लोग 'जिंदा मुर्दों' की तरह वहां से निकल गए। यदि उन्होंने सामूहिक तौर– पर हस्तक्षेप करने की हिम्मत दिखाई होती, तो शायद नाबालिग बेटी आज जिंदा होती! देश की राजधानी दिल्ली इतनी संवेदनहीन और पत्थर दिल भी हो सकती है। यहां की गली–गली, मुहल्ला –दर–मुहल्ला 'अपराध' आम बात है। दिल्ली बेटियों–बच्चियों के लिए ही नहीं, महिलाओं के लिए भी 'घोर असुरक्षित' है। क्या नए भारत का यह एक कुरूप चेहरा भी है, जिसमें 20 साल के नवयुवक के भीतर इतना गुस्सा, असहिष्णुता और हत्या की हद तक आक्रामकता है।

# बात हुई, यही काफी

अमेरिका और चीन ने एक दूसरे को अपनी शिकायतें बताईं। इसके बाद भी दोनों पक्ष बातचीत जारी रहने पर सहमत हुए, तो इसे इसी बात का संकेत माना जाएगा कि 'दो टूकङ्ग वार्ता से बात बिगड़ी नहीं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन की चीन यात्रा से क्या कोई ठोस नतीजा निकला, यह कहना कठिन है। बहरहाल, दुनिया की दोनों महाशक्तियों के बीच बातचीत हुई, यह भी कोई कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। कूटनीति की दुनिया में कहा जाता है कि बातचीत तब जरूरी नहीं होती है, जब दो देशों में रिश्ते अच्छे हों– बल्कि इसकी अनिवार्यता तब होती है, जब संबंधों में टकराव बढ़ रहा हो। ऐसे में इस पर ही राहत महसूस की गई है कि ब्लिंकेन चीन गए और वहां चीन के विदेश मंत्री चिन गांग, टॉप डिप्लोमैट वांग यी और आखिर में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात हुई। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे सामने 'दो टूकङ्ग ढंग से एक दूसरे से अपनी शिकायतें बताईं और साथ ही एक दूसरे को अपनी अपेक्षाओं से भी अवगत कराया। इसके बाद दोनों पक्ष बातचीत जारी रहने पर सहमत हुए, तो इसे इसी बात का संकेत माना जाएगा कि 'दो टूकङ्ग वार्ता से बात बिगड़ी नहीं। दोनों ही देशों ने अपनी विज्ञप्तियों में कहा है कि वार्ता 'ठोस और रचनात्मक रहीङ्ग। तो अब चीन के विदेश मंत्री वॉशिंगटन जाएंगे। इस तरह दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ती होड़ के बीच किसी 'गहलतफहमीङ्ग के कारण कोई 'हादसाङ्ग ना हो जाए, इसे सुनिश्चित करने का तंत्र बनाने पर विचार–विमर्श जारी रहेगा। बीजिंग वार्ता में इसी मकसद से अमेरिका ने दोनों देशों की सेनाओं के बीच संवाद का तंत्र बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे चीन ने ठुकरा दिया। इसकी वजह संभवतः यह है कि चूंकि अमेरिका की राय में चीन में सैनिक और असैनिक प्रशासन के बीच कोई विभाजन रेखा नहीं है, तो फिर उससे सैन्य स्तर पर अलग से वार्ता का कोई तर्क नहीं बनता। बहरहाल, यह आकलन दोनों ही तरफ है कि दोनों देशों के बीच टकराव की वजहें बुनियादी हैं, और चूंकि दोनों में से कोई देश अपने बुनियादी मकसद पर समझौता करने को तैयार नहीं है, इसलिए दोनों देशों की होड़ को रोकना संभव नहीं है। ऐसे में कूटनीति का उद्देश्य सिर्फ 'हादसोंङ्ग को टालने भर रह गया है। कहा जा सकता है कि बीजिंग वार्ता से उस दिशा में एक शुरुआत हुई है।

# गर्मियों में बढ़ जाते हैं साइलेंट हार्ट अटैक के मामले, दबे पांव आते हैं ये 4 लक्षण, रखें नजर और रहें सतर्क

दिल को स्वस्थ रखना स्वस्थ शरीर और हेल्दी लाइफ के लिए काफी जरूरी है. खासकर गर्मी के मौसम में दिल का दौरा यानी हार्ट अटैक काफी साइलेंट तरीके से आता है जिसे पहचानना मुश्किल हो जाता है. हेल्थ एक्सपर्ट कहते हैं कि गर्मी के मौसम में हार्ट अटैक के लक्षण इतने माइल्ड होते हैं कि उनके बारे में पता नहीं चलता और मरीज की जान पर बन आती है. आपने आजकल खबरों में देखा भी होगा कि नाचते, गाते, काम करते और एक्सरसाइज करते करते लोगों को हार्ट अटैक आ जाता है. इसलिए गर्मी के मौसम में साइलेंट हार्ट अटैक से बचने के लिए जरूरी है कि इसके उन लक्षणों को सही समय पर पहचाना जाए जो जानलेवा साबित हो सकते हैं. चलिए आज साइलेंट हार्ट अटैक के ऐसे ही कुछ लक्षणों के बारे में जानते हैं. साइलेंट हार्ट अटैक वो स्थिति है जब हार्ट अटैक के लक्षण बहुत कम दिखते हैं या पता नहीं चलते. ऐसा हार्ट अटैक काफी रिस्की होता है क्योंकि मरीज को इससे बचने के लिए टाइम नहीं मिलता. इसके अधिकतर लक्षण गर्मी के लक्षण से मिलते जुलते हैं इसलिए लोग अनजान रहते हैं. साइलेंट हार्ट अटैक के लक्षण 1. साइलेंट हार्ट अटैक के लक्षणों में सबसे पहला लक्षण है सांस लेने में दिक्कत आना या सांस फूलना. मरीज को ऐसा लगता है कि वो काफी थक गया है ।

# आजादी की हसरत लिए डुबते लोग !

**अफीका, मध्यपूर्व और एशिया के गरीब देशों से यूरोप की ओर आने वाले प्रवासियों या शरणार्थियों की संख्या सन् 2015 से लगातार बढ़ती जा रही है। बताया जाता है कि पिछले 8 सालों में 10 लाख से ज्यादा नए लोग यूरोप में आ चुके हैं जिससे इस महाद्वीप की तस्वीर बदल रही है। सन् 2017 में 'द इकोनॉमिस्टङ्ग ने आंकड़ों और ग्राफ के जरिए प्रवासियों के आगमन के सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला था। उसने लिखा था, "प्रवासियों के कारण राजनैतिक परेशानियां तो हो सकती हैं लेकिन यदि हम अपनी अर्थव्यवस्थाओं को सिकुडऩे से बचाना चाहते हैं तो हमें और ज्यादा प्रवासियों की जरूरत होगी" ।और जनता के दिमाग में समुद्र में डूबे सीरियाई बच्चे की तस्वीर कुछ इस तरह बैठ गयी थी कि यूरोपीय संघ और उसके देशों को प्रवासियों के लिए अपने दरवाजे खोलने पड़े। अकेले जर्मनी ने दस लाख से ज्यादा शरणार्थियों को अपने देश में आने दिया।**

**श्रुति व्यास**

दूर के ढोल के अलावा, दूर की घास भी अक्सर ज्यादा सुहावनी लगती है, खासकर तब जब आप पश्चिम की ओर देख रहे हों। वह चमकदार लगती है। वह खुशनुमा लगती है और लगता है मानों वो आपको बुला रही हो। उस तरफ का घास का मैदान बड़ा और खुला–खुला सा लगता है। जाहिर है इस खुलेपन में आज़ादी शामिल होती है। 'आज़ादी वाह, सोचे, इस शब्द पर। कितनी तरह के मतलब हैं?'आजादीङ्ग का शब्द उम्मीद जगाता है, मोहित करता है।तानाशाही, शैतानी सरकारों से आजादी, कठोर कानूनों से आजादी, असुरक्षा से आजादी, डर से आजादी तथा खुलकर सांस लेने की आजादी। मतलब ऐसा जीवन जीने की आजादी जिसका कोई अर्थ हो तथा जिसमें खुशी हो। हर साल इस मोहक सपने में डूबे और सम्मोहित गरीब और दमित देशों से कई लोग यूरोप और ब्रिटेन की अपेक्षाकृत आजाद धरती की ओर कूच करनते हैं।

शेक्सपियर के हेमलेट में क्लोडिअस कहता है, "दुःख जब आता है तो वह अकेले सिपाही की तरह नहीं आता, वह बटालियनों में आता है।" और यह अनुभव आजाद दुनिया में जाने के लिए फडफाडते लोगोंका भी है। कितनी तरह की तकलीफों से ये गुजरते हैं। ये लोग (इन्हे शरणार्थी कहें या आजादी परस्त?) घने जंगलों, ऊंची लहरों वाले विशाल महासागरों को पार करते हैं। वे घने अंधेरे में, एक दूसरे के ऊपर बैठकर, भूखे, प्यासे, परेशान और डरे हुएभयावह सफर करते हैं।नतीजे में कई बार उन्हें आजादी हासिल हो जाती है तो कई बार मौत उन्हें जिंदगी की सभी परेशानियों से आजाद कर देती है।

पिछले हफ्ते इस तरह का एक बड़ा हादसा देखा। एक मछली पकडऩे वाली नाव, जिसमें किसी भी तरह यूरोप पहुँचने के इच्छुक लोगों को भेड़–बकरियों की तरह भरा गया था, ग्रीस के तट के पास डूब गई। इस दुर्घटना में कम से कम 500 लोगों की मौत हुई या गहरे सागर में लापता हैं। ऐसी खबरें आ रही हैं कि इस हादसे में 300 पाकिस्तानी मारे गए जो अपने देश में गरीबी और अस्थिरता के हालात से आज़ादी पाने का रास्ता ढूंढ रहे थे। चकनाचूर हो चुकी इस नीली नौका की आसमान से ली गई एक तस्वीर ग्रीस के तटरक्षक बल ने जारी की है। इसमें साफ नजर आ रहा है कि ढेर सारे लोग इस नाव की एक–एक इंच जगह पर बैठे हुए थे। इस तस्वीर ने तीन साल के उस सीरियाई बच्चे की तस्वीर की यादें ताज़ा कर दीं है जो अपने परिवार के साथ इस्लामिक राष्ट्र सीरिया से भागकर यूरोप के स्वर्ग में जाने का प्रयास कर रहा था।

अफ्रीका, मध्यपूर्व और एशिया के गरीब देशों से यूरोप की ओर आने वाले प्रवासियों या शरणार्थियों की संख्या सन् 2015 से लगातार बढ़ती जा रही है। बताया जाता है कि पिछले 8 सालों में 10 लाख से ज्यादा नए लोग यूरोप में आ चुके हैं जिससे इस महाद्वीप की तस्वीर बदल रही है। सन् 2017 में 'द इकोनॉमिस्टङ्ग ने आंकड़ों और ग्राफ के जरिए प्रवासियों के आगमन के सकारात्मक पहलुओं पर प्रकाश डाला था। उसने लिखा था, "प्रवासियों के कारण राजनैतिक परेशानियां तो हो सकती हैं लेकिन यदि हम अपनी अर्थव्यवस्थाओं को सिकुडऩे से बचाना चाहते हैं तो हमें और ज्यादा प्रवासियों की जरूरत होगी" ।और जनता के दिमाग में समुद्र में डूबे सीरियाई बच्चे की तस्वीर कुछ इस तरह बैठ गयी थी कि यूरोपीय संघ और उसके देशों को प्रवासियों के लिए अपने दरवाजे खोलने पड़े। अकेले जर्मनी ने दस लाख से ज्यादा शरणार्थियों को अपने देश में आने दिया।

लेकिन हालिया समय में सब बदल गया है। लोकलुभावन नेता शरणार्थियों का स्वागत करने को तैयार नहीं हैं। रूस से लड़ाई शुरू होने के बाद से अब तक करीब 50 लाख यूक्रेनी यूरोपियन यूनियन में आ चुके हैं जिनकी शरणार्थियों की तरह देखभाल की जा रही है। इसके चलते यूरोप और यूके में प्रवासियों को लेकर कड़ी नीतियां अपनाई जा रही हैं और इनके लिए दरवाजे लगभग बंद हो चुके हैं। यूरोपीय सरकारें सोच रही हैं कि इन गरीब और हताश लोगों से अपने धनी महाद्वीप को बचाने के लिए क्या किया जाना चाहिए? स्वीडन की अध्यक्षता में इयू ने अवैध प्रवास को मुख्य मुद्दा बना लिया है। सभी सदस्य राष्ट्रों द्वारा शरणार्थियों का बोझा बराबर–बराबर उठाने की कोई व्यवस्था नहीं है। नतीजे में सीमाओं पर इनके साथ होने वाला व्यवहार पहले कहीं अधिक कठोर हो गया है और इन्हें गैरकानूनी तरीकों से वापस भेजने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

हंगरी, क्रोएशिया और रोमानिया में योरोपीय संघ के कानूनों और संयुक्त राष्ट्र संघ के कायदों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है। प्रवासियों को कड़कड़ाती ठंड में देशों की सीमाओं के बीच रहने के लिए बाध्य किया जा रहा है। इटली में जिओर्जिया मेलोनी की नई सरकार ने भूमध्य सागर में शरणार्थियों को ढूंढकर उन्हें बचाने वाले एनजीओ के लिए समस्याएं खड़े करने वाले कानून बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ब्रिटेन ने अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने की जो नीति बनाई है, भले ही उसको लागू करना मुश्किल हो रहा हो, परन्तु ऑस्ट्रिया जैसे देश कह रहे हैं कि ईयू को भी ऐसा ही कुछ करना चाहिए।

यह निश्चित है कि कड़े कानूनों, बंद दरवाजों और आजादी की घटती उम्मीदों के बावजूद अधिकाधिक शरणार्थी यूरोप के तटों पर आते रहेंगे और इससे तनाव बढ़ता रहेगा। अफगानी और सीरियाई अपने–अपने देशों के निराशाजनक हालात के चलते अभी भी अपने देश छोड़ रहे हैं। उनके साथ जुड़ रहे हैं एशियाई और अफ्रीकी जो यूक्रेन युद्ध के कारण खाद्य पदार्थों और इंधन की बढ़ती कीमतों के चलते गरीबी के जाल में फंस गए है। यहां तक कि अब भारतीय भी गैरकानूनी ढंग से यूके में प्रवेश कर रहे हैं। यूके होम आफिस के अनुसार वे इंग्लिश चैनल के रास्ते छोटी–छोटी नावों पर खतरनाक यात्राएं करके वहां आने वाला दूसरा सबसे बड़ा समूह हैं।

आंकड़ों के अनुसार जनवरी से मार्च के दौरान 675 भारतीय वर्क वीजा प्रतिबंधों से बचने के लिए छोटी नावों के जरिए यूके में आए। दमनकारी राजनैतिक परिदृश्य के साथ–साथ क्लाइमेट चेंज के चलते भी अधिकाधिक लोग अपनी तकदीर आजमाएंगे। इसमें कोई शक नहीं कि इस दौरान यूरोप, यूके और अमेरिका में प्रवास एक बड़ा चुनावी मुद्दा बन जाएगा जो बड़ी चुनावी जीतों और हारों का कारण बनेगा। आने वाले समय में प्रवासियों के लिए क़ानूनी प्रक्रिया के निर्धारण और यूरोप की सीमाओं के बाहर अधिक आर्थिक सहायता पहुंचाने की जबरदस्त वकालत की जाएगी। लेकिन तब तक आजादी की हसरत में अधिकाधिक प्रवासी अवैधानिक ढंग से भूमध्य सागर पार करते रहेंगे। हमारे दिलोदिमाग में ऐसी कई और डरावनी तस्वीरें अंकित होती रहेंगीं। समस्या गहराएगी और बिगड़ेगी और यह मानवीय आपदा उन मानवीय आपदाओं पर भारी पड़ेगी जो हम अपनी ताकत बढ़ाने के लिए रोजाना पैदा करते हैं।

# भाजपा को क्षेत्रीय पार्टियों की जरूरत

**अजीत द्विवेदी**

पिछले साल 31 जुलाई को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा पार्टी के सात मोर्चों की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में हिस्सा लेने बिहार पहुंचे थे। वहां उन्होंने कहा था– हम अपनी विचारधारा पर चलते रहे तो देश में क्षेत्रीय पार्टियां खत्म हो जाएंगी। उस समय एनडीए का हिस्सा रही नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यू ने नड्डा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी थी और कहा था कि क्षेत्रीय दल बने रहेंगे। इसके कुछ दिन बाद ही जनता दल यू ने भाजपा से नाता तोड़ लिया था और राजद के साथ मिल कर सरकार बनाई थी। हालांकि उसका कारण नड्डा का बयान नहीं था। बहरहाल, नड्डा के बयान के अभी एक साल नहीं हुए हैं और ऐसा लग रहा है कि समय का चक्र उलटा घूमने लगा है। क्षेत्रीय पार्टियों के समाप्त हो जाने का दावा करने वाली भाजपा बिहार सहित देश भर में छोटी छोटी पार्टियों को अपने साथ जोडऩे में लगी है। सवाल है कि ऐसा क्या हो गया कि छोटी पार्टियों से तालमेल भाजपा की मजबूरी हो गई और उनके खत्म होने की भविष्यवाणी करने वाली पार्टी उनको जीवनदान देने लगी?

इस गंभीर सवाल पर विचार करने से पहले एक नजर इस पर डालने की जरूरत है कि भाजपा कहां कहां छोटी क्षेत्रीय पार्टियों से समझौता कर रही है। बिहार में जहां, जेपी नड्डा ने क्षेत्रीय पार्टियों के खत्म हो जाने की भविष्यवाणी की थी, वहां भाजपा कम से कम पांच छोटी पार्टियों के साथ तालमेल करने जा रही है। सोचें, कहां तो बड़ी क्षेत्रीय पार्टियों को खत्म किया जाना था और कहां एक एक सीट वाली पार्टियों से तालमेल करके भाजपा उनको मजबूती दे रही है! बिहार में दो टुकड़ों में बंटी रामविलास पास–वान की बनाई पार्टियों से भाजपा का तालमेल होगा। एक के नेता चिराग पासवान हैं और दूसरे के पशुपति पारस, जो इस समय केंद्र में मंत्री हैं। इसके अलावा उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोक जनता दल के साथ भाजपा का तालमेल हो रहा है। जीतन राम मांझी के बेटे ने हाल में बिहार सरकार से इस्तीफा दिया है। उनकी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के साथ भाजपा का तालमेल होने वाला है। इसी तरह महागठबंधन में शामिल मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी के साथ भी भाजपा का तालमेल होगा।

बिहार के अलावा झारखंड में आजसू के साथ भाजपा का तालमेल है। पिछली बार भाजपा ने आजसू को एक लोकसभा सीट दी थी। इस बार हो सकता है कि सिर्फ विधानसभा सीटों का समझौता हो। आंध्र प्रदेश में समाप्ति की कगार पर पहुंची चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और पवन कल्याण की जन सेना के साथ तालमेल होने जा रहा है। पंजाब



में पुरानी सहयोगी अकाली दल को फिर से एनडीए में लाने की बातचीत हो रही है। कर्नाटक में एचडी देवगौड़ा की जेडीएस के साथ भाजपा का तालमेल हो सकता है। तमिलनाडु में भाजपा किसी तरह से अन्ना डीएमके से तालमेल बचाए रखने की कोशिश कर रही है। महाराष्ट्र में शिव सेना और आरपीआई के अठावले गुट के साथ भाजपा का तालमेल है। उत्तर प्रदेश में अपना दल और हरियाणा में जननायक जनता पार्टी के साथ उसका तालमेल है। गोवा से लेकर असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में एक दर्जन अन्य पार्टियों से ज्यादा पार्टियों के साथ भाजपा का तालमेल है। एनडीए में जो पुराने सहयोगी हैं उनके बनाए रखते हुए भाजपा नए गठबंधन सहयोगियों की तलाश में भटक रही है।

सोचें, कहां तो क्षेत्रीय पार्टियों को समाप्त कर देने का दंभ और कहां छोटी छोटी पार्टियों को गठबंधन में शामिल करके उनकी शर्तों पर समझौता करने की मजबूरी! सवाल है कि यह मजबूरी कैसे पैदा हुई? क्या कांग्रेस और देश की दूसरी तमाम विपक्षी पार्टियों की एकजुटता ने भाजपा को चिंता में डाला है, जिसकी वजह से उसको भी अपना मजबूत गठबंधन बना कर चुनाव में उतरने की जरूरत महसूस हो रही है? दस साल तक राज करने के बाद सत्ता विरोधी लहर ने भी भाजपा को चिंता में डाला हो सकता है। यह भी हो सकता है कि देश में पारंपरिक रूप से अपने मजबूत असर वाले राज्यों में भाजपा लगातार दो चुनाव से लगभग सभी सीटें जीत रही है तो वहां अब नुकसान की आशंका होगी और उस नुकसान की भरपाई के लिए नए इलाकों को एक्सप्लोर करने की जरूरत महसूस हो रही होगी। ध्यान रहे भाजपा गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड आदि राज्यों में लगभग सभी सीटों पर जीती है। उत्तर प्रदेश में भी उसने ज्यादातर सीटें हासिल की हैं। ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र जैसे राज्यों में उसको अपनी सांगठनिक क्षमता से ज्यादा सीटें मिली हुई हैं। सो, उसके सामने एक बड़ी चुनौती इन राज्यों में अपनी सीटों को बचाए रखने और बढ़ाने की है।

लगातार दो चुनाव में मिली भारी भरकम जीत के बाद अपनी सीटें बचाए रखना बड़ी चुनौती का काम है। भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस बात को समझ रहा है। अगर प्रचार के दम पर और विकास की आस बंधा कर डबल या ट्रिपल इंजन की सरकार बनाई गई है तो एंटी इन्कम्बैंसी भी डबल या ट्रिपल ही होगी। तभी डबल या ट्रिपल इंजन वाली सरकार से बाहर के राज्यों में भाजपा अपने पैर पसार रही है और इसके लिए उसे छोटी क्षेत्रीय पार्टियों की जरूरत है। यह भाजपा की पुरानी रणनीति रही है कि, जहां उसका संगठन कमजोर है या पारंपरिक रूप से वह हाशिए की पार्टी रही है वहां किसी मजबूत क्षेत्रीय दल के कंधे पर सवार होकर वह आगे बढ़ी है। बिहार में भी नीतीश कुमार और महाराष्ट्र में बाल ठाकरे के कंधे पर सवार होकर ही भाजपा मजबूत हुई। पंजाब में उसकी जो भी हैसियत है वह अकाली दल के कारण बनी थी। यही काम वह अब दक्षिण भारत के राज्यों में करना चाह रही है।

गठबंधन के मामले में भाजपा की रणनीति बहुत स्पष्ट है। वह अपने मजबूत असर वाले राज्यों में भी सहयोगियों को इसलिए साथ रखना चाहती है ताकि वोट कटने–बिखरने का खतरा न्यूनतम रह जाए। ध्यान रहे भाजपा के असर वाले राज्यों में विपक्षी पार्टियां मजबूत गठबंधन कर रही हैं। अगर वे इस सहमति पर पहुंच जाती हैं कि भाजपा के हर उम्मीदवार के खिलाफ विपक्ष का एक उम्मीदवार उतरेगा तो भाजपा यह अफोर्ड नहीं कर सकती है कि उसकी कोई सहयोगी पार्टी वहां अकेले लड़े। विपक्ष की कोशिश चार सौ से कुछ ज्यादा सीटों पर साझा उम्मीदवार देने की है। अगर ऐसा होता है तो भाजपा की कोशिश होगी कि आमने सामने के मुकाबले वाली इन सीटों पर कोई ऐसी तीसरी पार्टी चुनाव न लड़े, जो पहले उसके साथ रही है क्योंकि तब जो वोट कटेगा वह भाजपा का वोट हो सकता है। चूंकि विपक्ष सत्ता विरोधी वोट को एक साथ लाने की कोशिश कर रहा है इसलिए भाजपा के लिए जरूरी है कि वह अपने कोर वोट में बंटवारा न होने दे। इसलिए पुरानी सभी सहयोगी पार्टियों को साथ लाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी तरह से जीतने की कोशिश करेगी। उसको पता है कि पिछले 10 साल की राजनीति में जो कुछ भी बनाया गया है उसको कंसोलिडेट करने के लिए कम से कम एक कार्यकाल की और जरूरत है। सो, भले अभी उसकी मजबूरी से क्षेत्रीय पार्टियां मजबूत हो जाएं लेकिन एक बार और भाजपा जीती तो उसके बाद वह सबका हिसाब कर करेगी। देश के महाविद्यालयों, कॉलेजों में पढ़ाने का क्या एकमात्र रास्ता जुगाड़ रह गया है?

**बिहार के अलावा झारखंड में आजसू के साथ भाजपा का तालमेल है। पिछली बार भाजपा ने आजसू को एक लोकसभा सीट दी थी। इस बार हो सकता है कि सिर्फ विधानसभा सीटों का समझौता हो। आंध्र प्रदेश में समाप्ति की कगार पर पहुंची चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी और पवन कल्याण की जन सेना के साथ तालमेल होने जा रहा है। पंजाब में पुरानी सहयोगी अकाली दल को फिर से एनडीए में लाने की बातचीत हो रही है। कर्नाटक में एचडी देवगौड़ा की जेडीएस के साथ भाजपा का तालमेल हो सकता है। तमिलनाडु में भाजपा किसी तरह से अन्ना डीएमके से तालमेल बचाए रखने की कोशिश कर रही है। महाराष्ट्र में शिव सेना और आरपीआई के अठावले गुट के साथ भाजपा का तालमेल है। उत्तर प्रदेश में अपना दल और हरियाणा में जननायक जनता पार्टी के साथ उसका तालमेल है। गोवा से लेकर असम और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में एक दर्जन अन्य पार्टियों से ज्यादा पार्टियों के साथ भाजपा का तालमेल है। एनडीए में जो पुराने सहयोगी हैं उनके बनाए रखते हुए भाजपा नए गठबंधन सहयोगियों की तलाश में भटक रही है।**

# दूध के साथ न करें इन चीजों का सेवन, स्वास्थ्य के लिए बन सकती हैं मुसीबत

जब कुछ खाद्य पदार्थों को दूध के साथ मिलाने की बात आती है तो यह विचार करना आवश्यक है कि उनका पाचन और पूरी सेहत पर कैसा प्रभाव पड़ सकता है। दूध एक बहुमुखी और पौष्टिक पेय है, लेकिन कुछ चीजों के साथ इसे मिलाना स्वास्थ्य के लिए मुसीबत बन सकता है। आइए जानते हैं कि आखिर वो कौन–सी चीजें हैं, जिनका सेवन दूध के साथ नहीं करना चाहिए।

**दूध और मछली का एकसाथ सेवन करना हो सकता है हानिकारक**

दूध और मछली को कभी भी साथ में नहीं खाना चाहिए। इसका कारण है कि मछली की एक अलग गंध और स्वाद होता है, जो आमतौर पर दूध की मलाईदार बनावट के साथ अच्छी तरह से मेल नहीं खाता है। दूध के साथ मछली और किसी भी प्रकार का मांस खाने से पाचन संबंधी समस्याएं और भारीपन महसूस होने जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। इससे स्किन एलर्जी और त्वचा संबंधित बीमारियां भी हो सकती हैं।

**केले और दूध का संयोजन भी है नुकसानदायक**

स्मूदी या मिल्कशेक में केले और दूध का एक साथ इस्तेमाल करना आम बात है, लेकिन कुछ लोगों के लिए यह संयोजन पाचन क्रिया पर बुरा असर डाल सकता है। प्रोटीन युक्त दूध के साथ केले की स्टार्ची प्रकृति पाचन संबंधी परेशानी, सूजन और थकान का कारण बन सकती है। ऐसे में दूध और केले का अलग–अलग आनंद लेना सबसे अच्छा है। इसी तरह दूध और खरबूजे का संयोजन भी स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है।

**दूध के साथ दही खाना भी है गलत**

दूध के साथ दही का सेवन करना भी स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। दूध के साथ दही का संयोजन एसिडिटी, गैस और उल्टी जैसी समस्या पैदा कर सकता है। इसके अतिरिक्त ब्लोटिंग की भी शिकायत हो सकती है। यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें पेट के अंदर के ऊतक फूल जाते हैं या बढऩे लगते हैं। अगर आप इन समस्याओं से सुरक्षित रहना चाहते हैं तो दही खाने के करीब एक घंटे बाद ही दूध पीना चाहिए।

**मूली के साथ दूध का सेवन न करें**

मूली का तीखा और चटपटा स्वाद दूध के स्वाद पर हावी हो सकता है, जिससे असंतुलित संयोजन बन सकता है। दूध के साथ मूली खाने से स्वाद और पाचन बिगड़ सकता है। पाचन क्रिया में परेशानी से बचने के लिए मूली से बने व्यंजनों को दूध के सेवन से कम से कम 2 घंटे बाद ही खाएं। इसी तरह उड़द की दाल के साथ कभी भी दूध का सेवन नहीं करना चाहिए।

## व्हाइट हाउस में पीएम मोदी का भव्य स्वागत, बोले

# हमारी दोस्ती दुनियां के लिए पूरक होगी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को व्हाइट हाउस में भव्य स्वागत किया गया। यहां भारत का राष्ट्रगान गाया और बड़ी संख्या में जुटे लोगों ने वंदे मातरम के नारे लगाए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच व्हाइट हाउस में द्विपक्षीय बैठक शुरू हुई। यहां दोनों नेता भारत और अमेरिका संबंधों, क्षेत्रीय तथा वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और संयुक्त राज्य अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन वाशिंगटन डीसी में व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में एकत्र हुए लोगों का अभिवादन किया।

पीएम मोदी ने कहा कि कोरोनाकाल के बाद दुनिया एक नया रूप ले रही है। इस काल में भारत और अमेरिका पूरे विश्व के सामर्थ्य को बढ़ाने में सक्षम होगी। दोनों देश साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राष्ट्रपति बाइडन और मैं भारत अमेरिका संबंधों और अन्य क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विस्तार से बात करेंगे। मुझे विश्वास है कि आज की हमारी बातचीत हमेशा की तरह सकारात्मक और उपयोगी रहेगी। मुझे यहां संसद में दूसरी बार बोलने का मौका मिलेगा इस सम्मान के लिए मैं बहुत आभारी हूं। भारत का तिरंगा और अमेरिका का झंडा (द स्टार्स एंड स्ट्राइप्स) हमेशा नई ऊंचाइयां छूते रहे। जय हिंद, गॉड ब्लेस अमेरिका

पीएम मोदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अपनी प्रतिभा, क्षमता और निष्ठा से अपनी शान बढ़ा रहे हैं। आप सब हमारे संबंधों की असली ताकत हैं। आज आपको दिए गए सम्मान के लिए राष्ट्रपति बाइडन और डॉ बाइडन का हृदय से धन्यवाद करता हूं। उनका जितना धन्यवाद करूं कम है। दोनों देश अपनी विविधता पर गर्व करते हैं। हम सर्वजन सुखाय और सर्वजन हिताय पर भरोसा करते हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि दोस्तों तीन दशक पहले एक साधारण नागरिक के रूप में मैं अमेरिका यात्रा पर आया था। उस समय मैंने व्हाइट हाउस को बाहर से देखा था। पीएम बनने के बाद मैं स्वयं यहां कई बार आया। पर इतनी बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकियों के लिए पहली बार व्हाइट हाउस के द्वार खोले गए हैं।

पीएम मोदी ने राष्ट्रपति जो बाइडन का भव्य स्वागत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि उमंग और उत्साह से भरे हुए भारतीय और अमेरिकी, मेरे प्यारे साथियों आप सबको नमस्कार... सबसे पहले मैं राष्ट्रपति बाइडन के मित्रतापूर्ण स्वागत और दीर्घ दृष्टिपूर्ण संबोधन के लिए उनका आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने कहा कि एक प्रकार से यह भारत के 140 करोड़ देशवासियों का सम्मान है, उनका गौरव है। यह सम्मान अमेरिका में रहने वाले चार मिलियन से अधिक भारतीय मूल के लोगों का भी सम्मान है– इस सम्मान के लिए मैं राष्ट्रपति बाइडन और जिल बाइडन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

हमारे कदम हमारे राष्ट्रों के बीच एक विशेष बंधन बनाते हैं। हम ऐसे मूल्यों पर बढेंगे जो सार्वभौमिक हैं। हमारे राष्ट्रों के बीच एक पुल बना हुआ है जो पीढ़ियों के साथ मजबूत हो रहा है। मैं सम्मानित हूं कि लगभग 15 साल वर्षों में पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका भारत गणराज्य के लिए एक आधिकारिक राजकीय यात्रा की मेज़बानी कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी आपका व्हाइट हाउस में स्वागत है। अमेरिका में भारतीयों का योगदान बढ़ा है। इसका एक उदाहरण अमेरिका की उपराष्ट्रति कमला हैरिस भी हैं।प्रधानमंत्री आपका फिर से स्वागत है। मैंने हमेशा विश्वास किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत के बीच यह रिश्ता 21वीं सदी के सबसे अहम संबंधों से एक है। हमारे संविधान के पहले शब्द यही है कि 'हम, देश के नागरिक, हमारे लोगों के बीच स्थाई संबंध और साझे मूल्य और वर्तमान के मुद्दों से निपटने के लिए वैश्विक नेताओं के रूप में हमारी साझी जिम्मेदारी है। बाइडन बोले भारत और अमेरिका मिलकर काम कर रहे हैं। यह सब अमेरिका और भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हम पीढ़ियों में ऐसे मोड़ पर आते हैं जहां निर्णय लेना महत्वपूर्ण होता है। हम अग्रणी देशों के रूप में और सच्चे भागीदारों के रूप में निवेश को आकर्षित कर सकते हैं। पीएम मोदी व्हाइट हाउस पहुंच चुके हैं यहां उनका भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान गाया गया राष्ट्रगान गाया गया और वंदे मातरम के नारे लगाए गए।

नेशनल इंडिया–यूएस चैंबर ऑफ कॉमर्स की सीईओ और अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट ऑफ कॉमर्स की पूर्व सलाहकार पूर्णिमा बोरिया ने कहा, प्रवासी भारतीयों को व्हाइट हाउस में पीएम मोदी के आगमन का इंतजार है। एक अविश्वसनीय क्षण! हमें अपने प्रधानमंत्री पर गर्व है। इससे पहले कभी भी इतने सारे लोगों को व्हाइट हाउस के साउथ लॉन में आने की अनुमति नहीं दी गई थी।'

## डीजी एनसीसी ने नई दिल्ली में अपने मालदीव समकक्ष से मुलाकात की

**नई दिल्ली एजेंसी** । राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह ने नई दिल्ली में मालदीव के कमांडेंट, मरीन कोर और कमांडिंग ऑफिसर, एनसीसी ब्रिगेडियर जनरल वैस वहीद के साथ बैठक की। एनसीसी इंडिया के इतिहास, देश भर में इसके प्रसार, कैडेटों और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण और भारत और मालदीव के बीच युवा आदान–प्रदान कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। मालदीव एनसीसी के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान पर भी विस्तृत चर्चा हुई। एनसीसी इंडिया ने चुनौतियों का सामना करने के लिए मालदीव को अपना समर्थन दिया और उन्हें प्रशिक्षकों और कैडेटों के लिए एनसीसी इंडिया द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की सदस्यता लेने के लिए आमंत्रित किया।

बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के संगठनों के बीच संबंधों को और मजबूत करना, युवाओं के बीच सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आदान–प्रदान को बढ़ाना और संबंधों को मजबूत करना था।

## स्कूल में अचानक बेहोश हुई छात्रा की मौत से हड़कंप

**कोलकाता एजेंसी** । महानगर के दक्षिण कोलकाता स्थित एक स्कूल में तब सनसनी फैल गई जब स्कूल में अचानक ही एक 12वीं कक्षा की एक छात्रा की अचानक मौत हो गई। हलांकि दावा किया गया है कि उक्त छात्रा के इलाज की तुरंत फौरी व्यवस्था की गई लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। कहा जा रहा है कि, उक्त छात्रा को तमाम शारीरिक समस्याओं से पीड़ित थी। मृत छात्रा का नाम आरिफा खातून है। वह दक्षिण कोलकाता के सेंट जॉन डायोसिस की 12वीं कक्षा की छात्रा है। आज सुबह प्रार्थना के दौरान छात्रा की तबीयत खराब महसूस हुई। अचानक वह बेहोश हो गई। स्कूल प्रशासन का दावा है कि तुरंत डॉक्टर को बुलाया तो इलाज के दौरान पता चला कि छात्रा की मौत हो चुकी है। इधर स्कूल से फोन द्वारा छात्रा के परिजनों को घटना की जानकारी दी गयी तो छात्रा के मां और पिता स्कूल पहुंचे। इस दौरान पुलिस के सामने मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराने की बात उठी लेकिन बाद में छात्रा के माता–पिता शव के पोस्टमॉर्टम के फैसले से पीछे हट गये। ऐसे में स्कूल की ओर से छात्रा का शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## सऊदी अरब से नामांकन करने वाले टीएमसी नेता के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका

**कोलकाता एजेंसी** । पंचायत चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने वाले विपक्षी माकपा, कांग्रेस और भाजपा के उम्मीदवारों के दस्तावेजों से छेड़छाड़ की सीबीआई जांच के हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ राज्य सरकार और राज्य चुनाव आयोग ने खंडपीठ में याचिका लगाई है। वहीं विदेश से नामांकन करने वाले एक टीएमसी नेता के खिलाफ हाईकोर्ट में आज याचिका दायर हुई है। दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि तृणमूल कांग्रेस के एक उम्मीदवार ने विदेश में रहते हुए अपना नामांकन दाखिल किया. सीपीआई (एम) द्वारा दायर याचिका में आरोप लगाया गया कि उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखा के कुमारजोल से तृणमूल कांग्रेस ग्राम पंचायत उम्मीदवार मोइनुद्दीन गाजी नामांकन के दौरान सऊदी अरब में थे। हालांकि, उनका नामांकन स्थानीय ब्लॉक विकास कार्यालय द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। जिससे यह सवाल उठता है कि कोई उम्मीदवार विदेश से अपना नामांकन कैसे दाखिल कर सकता है? जबकि, नामांकन दाखिल करते समय उसकी व्यक्तिगत उपस्थिति जरूरी है।

## रेलवे की वेबसाइट हैक करने वाले हामिद अशरफ पर बड़ा एक्शन, एक करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

**बस्ती , एजेंसी।** यूपी के बस्ती में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए माफिया हामिद अशरफ की 1.08 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क कर ली है। गैंगस्टर एक्ट के तहत बस्ती जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई की। हामिद अशरफ ने आईआरसीटीसी की वेबसाइट हैक कर तहलका मचा दिया था। पुलिस अफसरों का कहना है कि माफिया हामिद अशरफ ने जिन–जिन रिश्तेदारों के नाम अवैध तरीके से संपत्ति खरीदी थी, जिला प्रशासन ने उसे भी कुर्क किया है। नायब तहसीलदार हरैया शौकत अली एवं नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव ने टीम की साथ पहुंचकर कुर्की की कार्यवाही की। पुलिस ने बताया, जब मामले की तहकीकात की गई तो माफिया हामिद अशरफ की कुल 1.08 करोड़ रुपये की संपत्ति मिली है। हामिद के एचडीएफसी बैंक, घनसवली, नवी मुंबई के खाता संख्या 50100202803786 व 20200027871898 को सीज किए जाने के लिए बैंक को लिखा गया है।

## पाकिस्तान में कड़े विरोध के बाद यूनिवर्सिटी में होली मनाने पर प्रतिबंध का फैसला वापस

**इस्लामाबाद , एजेंसी।** पाकिस्तान के प्रधान मंत्री की रणनीतिक सुधार इकाई के प्रमुख सलमान सूफी ने कहा कि शिक्षा मंत्री राणा तनवीर हुसैन ने उच्च शिक्षा आयोग (एचईसी) से उस अधिसूचना को वापस लेने के लिए कहा है, जिसमें विश्वविद्यालय में होली मनाने पर आपत्ति जताई थी। अधिसूचना के बारे में मीडिया में खबर आने के बाद सूफी ने ट्वीट किया, राणा तनवीर साहब से बात हुई है और उन्होंने धार्मिक त्योहारों को हतोत्साहित करने वाली एचईसी की अधिसूचना पर कड़ा संज्ञान लिया है और उन्हें इसे वापस लेने के लिए कहा है।

अधिसूचना एचईसी के कार्यकारी निदेशक शाइस्ता सोहेल द्वारा कुलपतियों और संस्थानों के प्रमुखों को भेजी गई थी।अपने पत्र में, एचईसी ने दावा किया कि विश्वविद्यालय के मंच से होली मनाने की रिपोर्ट से देश की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। हालांकि एचईसी के पत्र में संबंधित विश्वविद्यालय का नाम नहीं बताया गया है, लेकिन यह इस्लामाबाद में कायद–ए–आजम विश्वविद्यालय द्वारा 8 मार्च को आयोजित होली के लिए एक कार्यक्रम की मेजबानी के लिए सोशल मीडिया पर ध्यान आकर्षित करने के बाद आया है।सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे एक वीडियो में, छात्रों को तेज संगीत की पृष्ठभूमि में नाचते, गाते और हवा में रंग फेंकते देखा जा सकता है। पत्र में एचईआई को सलाह दी गई कि वे ऐसी सभी गतिविधियों से खुद को विवेकपूर्वक दूर रखें जो स्पष्ट रूप से देश की पहचान और सामाजिक मूल्यों के साथ असंगत हैं। एचईसी के पत्र से देशवासियों में नाराजगी छाई।

सिंधी पत्रकार वींगस ने कहा कि इस्लामाबाद को यह समझने की जरूरत है कि हिंदू त्योहार होली और दिवाली सिंधी संस्कृति का हिस्सा हैं।

## नौसेना स्टाफ के उप प्रमुख (डीसीएनएस) का केन्या दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी** (आरएनएस)। नौसेना स्टाफ (डीसीएनएस) के उप प्रमुख वीएडीएम संजय महेंद्रू तीन दिवसीय केन्या की तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। उनकी यात्रा भारतीय नौसेना जहाज सुनयना के साथ मेल खाती है, जो 'ओशन रिंग ऑफ' के हिस्से के रूप में मोम्बासा में बंदरगाह पर पहुंच रही है।डीसीएनएस ने महामहिम से मुलाकात की।

अदन बेयर डुएले, कैबिनेट सचिव, रक्षा मंत्रालय, केन्या ने 21 जून 23 को बातचीत के दौरान, दोनों समुद्री पड़ोसियों के बीच ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला गया और द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। उन्होंने केन्याई रक्षा बल (केडीएफ) के रक्षा बलों के प्रमुख जनरल फ्रांसिस ओ ओगोला से भी मुलाकात की।

## लालू के पैर छूकर निकलीं ममता बोलीं

# अभी भी बहुत तगड़े हैं, बीजेपी से लड़ सकते हैं, हम साथ लड़ेंगे

**पटना , एजेंसी।** किडनी ट्रांसप्लांट के बाद भारत लौटे राष्ट्रीय जनता दल अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने महागठबंधन की बैठक को ऑनलाइन संबोधित कर जो तेवर दिखाए थे, उससे ही लग रहा था कि बिहार फिर देश की राजनीति का केंद्रबिंदु बनेगा। विपक्षी एकता के लिए 23 जून को होने वाली बैठक में लालू की सक्रियता खुलकर सामने आ रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी विपक्षी एकता के लिए बुलाई गई बैठक के लिए पटना आईं तो राजद अध्यक्ष से मिलने पहुंच गईं। मिलने के बाद उन्होंने लालू की सेहत और जज्बे पर खुलकर चर्चा की।



ममता बनर्जी ने कहा– "लालू प्रसाद देश में काफी सीनियर लीडर हैं। वे बहुत दिन जेल में थे। उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। लेकिन, आज उनसे बात कर लगा कि लालूजी अभी भी बहुत तगड़े हैं और बीजेपी से लड़ सकते हैं।" ममता बनर्जी ने पुराने दिनों की याद भी ताजा की। उन्होंने बताया– "एक दिन लालूजी संसद में भाषण दे रहे थे रहे थे। हम भी तब एमपी थे। प्याज–आलू का भाव बढ़ गया था। लालूजी बोल रहे थे, तब हमने कहा– राबड़ीजी का भाव क्या है? लालू जी ने कहा कि सबसे ज्यादा भाव है राबड़ीजी का।" पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की शुक्रवार को होने वाली बैठक के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि हम लोग इकट्ठा हो रहे हैं। एक साथ लड़ेंगे। वन इज टू वन लड़ेंगे।

राजद सुप्रीमो से मिलने के बाद कांग्रेस और सीपीएम के साथ लड़ने के सवाल पर ममता बनर्जी ने कहा कि विपक्षी एकता की मीटिंग के बाद जो तय होगा, वैसा ही किया जाएगा। ममता बनर्जी ने कहा कि मुझे बिहार आकर काफी अच्छा लगता है। मैं जनता को धन्यवाद देती हूं। बिहार का नालंदा विश्वविद्यालय और यहां की मिठाई को काफी पसंद करती हूं। मैं लालू प्रसाद यादव की काफी इज्जत करती हूं। वह देश के सबसे सीनियर लीडर में से एक हैं। बहुत दिन जेल में रहे। हॉस्पिटल में रहे। उनकी तबीयत भी ठीक नहीं लगी। आज उनसे मिलकर लगा कि लालू जी का स्वास्थ्य काफी अच्छा है। अभी वह बहुत दिन भाजपा से लड़ सकते हैं। उनसे मिलकर काफी अच्छा लगा।

## भ्रष्टाचार का अजब कारनामा, शिवपुरी में जिंदा मजदूरों को मृत बताकर 96 लाख हड़पे

**शिवपुरी एजेंसी।** मध्य प्रदेश अजब और गजब है। यहां ऐसे कारनामे होते हैं जिसकी कल्पना भी कोई नहीं कर सकता। शिवपुरी जिले में भ्रष्टाचार का अजब कारनामा हुआ, जहां जिंदा मजदूरों को मृत बताकर 96 लाख रुपये की राशि हड़प ली गई है। इस मामले के उजागर होने पर पांच अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ थाने में मामला दर्ज कर लिया गया है। यह मामला शिवपुरी जनपद पंचायत का है। यहां मजदूरों के लिए सरकार की एक योजना की आड़ में घोटाला हुआ। मप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल द्वारा पंजीकृत श्रीमिकों को अंत्येष्टि व अनुग्रह सहायता दी जाती है। इस योजना में जिंदा श्रमिकों को शिवपुरी जनपद के अफसरों ने मृत बता दिया। इन श्रमिकों को मृत बताकर इनके नाम पर मिलने वाली राशि को दूसरे व्यक्तियों के खाते में डालकर राशि निकाल ली गई। इस योजना में शिवपुरी जनपद में 93.56 लाख रु. का गबन सामने आया है।

जिला पंचायत सीईओ की अध्यक्षता में गठित समिति की जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि 26 हितग्राहियों के नाम पर केस बनाकर धांधली हुई है। जिंदा लोगों के नाम से इतना बड़ा गबन किया है। इसमें दो जनपद सीईओ के डिजिटल सिग्नेचरों से राशि निकली है। संबंधित शाखा की दो महिला लिपिक भी मामले में जिम्मेदार पाई गईं हैं। सिटी कोतवाली थाने में कम्प्यूटर ऑपरेटर, दो जनपद सीईओ और दो महिला लिपिक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

शिवपुरी जनपद के वर्तमान सीइओ गिरिराज शर्मा ने कोतवाली में पोहरी जनपद सीइओ गगन बाजपेयी के अलावा राजीव मिश्रा (मुरार ग्वालियर में पदस्थ), शैलेंद्र परमार तत्कालीन कंप्यूटर ऑपरेटर एवं लिपिक वर्ग–तीन साधना चौहान व लता दुबे (शाखा प्रभारी) के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया है।शिवपुरी पुलिस एसडीओपी अजय भार्गव ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने अभी धारा 420, 120बी के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

## चेक गणराज्य में ट्रेन और ट्रक के बीच भीषण टक्कर, 21 लोग घायल

**प्राग , एजेंसी।** चेक गणराज्य के उत्तरी क्षेत्र में एक ट्रक और ट्रेन में टक्कर हो गई। इस हादसे में 21 लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने ट्वीट किया कि हादसा बुधवार दोपहर स्थानीय समयानुसार करीब दो बजे उस वक्त हुआ, जब उत्तरी चेक शहर लिबरेक के पास स्ट्राज़ नाड निसौ में एक ट्रक क्रॉसिंग पर खुदाई कर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही ट्रेन ने ट्रक को टक्कर मार दी, जिसमें 21 लोग घायल हो गए। इनमें 19 एक प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थी हैं। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

लेवल क्रॉसिंग को बिना किसी बाधा के एक हल्के चेतावनी संकेत द्वारा सुरक्षित किया था।

## चोरी के शक में लड़की को पीट–पीट कर मार डाला, पुलिस ने आठ को लिया हिरासत में

**गाजियाबाद एजेंसी,।** गाजियाबाद में ज्वेलरी चोरी के शक में युवती की पीट–पीटकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आठ लोगों को हिरासत में लिया है। देर रात तक उनसे पूछताछ चलती रही। आरोपी युवती को डंडे और लोहे की रॉड से तब तक पीटते रहे, जब तक वो मर नहीं गई। पिटाई से जब वो युवती चीखने चिल्लाने लगी, तो आरोपियों ने तेज आवाज में गाने बजा दिए, ताकि पड़ोसियों को शक न हो। हत्या के बाद आरोपियों ने सुबूत नष्ट करने के लिए मृतका के कपड़े बदले, खून साफ किया और चोरी हुए जेवरात ढूंढने के लिए करीब पौने 200 किलोमीटर दूर उसके घर सहारनपुर पहुंच गए, लेकिन वहां भी कुछ नहीं मिला। फिलहाल मुख्य आरोपियों सहित आठ लोग पुलिस कस्टडी में हैं। उनसे पूछताछ चल रही है।

गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना क्षेत्र में सिद्धार्थ विहार है। यहां के बागूवाला इलाके में रहने वाला रमेश अंबाला (पंजाब) में कपड़ों की फेरी लगाता है। करीब 15 साल पहले उसकी शादी मुस्लिम युवती हिना, निवासी सहारनपुर से हुई थी। रमेश के बेटे का 19 जून को बर्थडे था। इस पार्टी में हिना के परिवार से भी लोग आए हुए थे। पार्टी में हिना का भाई शाहरूख, भाभी सानिया और सानिया की बहन समीना (23 वर्ष) भी सहारनपुर की इंद्रापुर कॉलोनी से आए थे। पार्टी धूमधाम से हुई और सब अपने–अपने घरों को चले गए। 20 जून की सुबह रमेश को पता चला कि घर से करीब 5 लाख रुपए की ज्वेलरी गायब है। उन्होंने चोरी का शक समीना पर जताया। 20 जून की सुबह हिना ने समीना को फोन करके धोखे से गाजियाबाद बुला लिया और खोये हुए जेवरातों के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। चोरी न कुबूलने पर उसकी इतनी पिटाई की गई कि मौत हो गई।मृतका समीना की बहन सानिया ने इस मामले में रमेश उसकी पत्नी हिना, पुत्र सनी, दोस्त हिमांशु सहित अन्य रिश्तेदार नौशाद, माजिद, ईशान, रुखसार के खिलाफ हत्या का केस थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में दर्ज कराया है।

## अमराई में बैठकर जनजातियों के साथ मोटे अनाज के पकवान चखेंगे मोदी

**भोपाल,एजेंसी** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 27 जून को प्रस्तावित मप्र प्रवास के दौरान शहडोल भी जाएंगे। ये यहां दोपहर भोज जनजातीय समाज के मुखियाओं के साथ अमरई (आम के पेड़ों का झुंड) में प्राकृतिक वातावरण में खुले में बैठकर करेंगे। गर्मी के चलते प्राकृतिक स्थान चुना गया है। खास बात यह है कि जो भोजन बनाया जाएगा, यह मोटे अनाज यानी मिलेट्स का होगा। स्वयं सहायता समूह की दीदियां अपने घर पर ही बनाएंगी।

# मॉनसून के साथ आसमान से बरसने लगी मौतें, तीन दिनों में 20 की गई जान

**रांची , एजेंसी।** मॉनसून 19 जून को झारखंड में दाखिल हुआ और इसके साथ ही आसमान से मौत की बिजलियां गिरने का सिलसिला शुरू हो गया। पिछले तीन दिनों में वज्रपात की डेढ़ दर्जन से ज्यादा घटनाओं में 20 लोगों की जान चली गई है, जबकि घायलों की तादाद 50 से ज्यादा है।दरअसल, बारिश के साथ ही आसमानी बिजलियों के कहर का यह सिलसिला झारखंड के लिए बड़ी आपदा बन गया है। भारतीय मौसम विभाग ने थंडरिंग और लाइटनिंग के खतरों को लेकर देश के जिन छह राज्यों को सबसे संवेदनशील के तौर पर चिन्हित किया है, झारखंड भी उनमें एक है। आसमानी बिजली का कहर झारखंड के लिए एक बड़ी आपदा है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार बीते वर्ष यानी 2021–22 में झारखंड में वज्रपात की 4 लाख 39 हजार 828 घटनाएं हुई हैं। इसके पहले 2020–21 में राज्य में लगभग साढ़े चार लाख बार वज्रपात हुआ था। 2020–21 में वज्रपात से 322 मौतें दर्ज की गईं।

क्लाइमेट रेजिलिएंट ऑब्जर्विंग सिस्टम प्रमोशन काउंसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इन मौतों में से 96 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों से थीं और पीड़ितों में से 77 प्रतिशत किसान थे। किसान पहाड़ी–पठारी क्षेत्रों में ऊंचे पेड़ों से घिरे खुले खेतों में काम करते हैं और उन तक वज्रपात के खतरे से अलर्ट करने की सूचनाएं पहुंच नहीं पातीं। हालांकि, मौसम विभाग इसे लेकर नियमित तौर पर अलर्ट जारी करता है, लेकिन जागरूकता की कमी बड़ी बाधा है।वज्रपात को झारखंड सरकार ने विशिष्ट आपदा (स्पेसिफिक डिजास्टर) घोषित कर रखा है। राज्य सरकार के आपदा प्रबंधन विभाग ने 2019 में एसएमएस सिस्टम के जरिए लोगों को सचेत करने की व्यवस्था की थी, लेकिन यह सिस्टम बहुत कारगर नहीं है।आंकड़ों के मुताबिक पूरे देश में सबसे अधिक बिजली मध्य प्रदेश में गिरती है। बीते वर्ष वहां साढ़े छह लाख से अधिक बार बिजली गिरी थी, जबकि छत्तीसगढ़ में करीब 5.7 लाख, महाराष्ट्र में 5.4 लाख, ओडिशा में 5.3 लाख तथा पश्चिम बंगाल में 5.1 लाख से अधिक बार वज्रपात की घटनाएं रिकॉर्ड की गयीं।यह पाया गया है कि वज्रपात की सबसे ज्यादा घटनाएं मई–जून में होती हैं। पिछले 11 वर्षों में यहां वज्रपात की घटनाओं में 2000 से भी ज्यादा मौतें हुई हैं।

## भारतीय नौसेना ने सरदार केएम पणिक्कर एनआईबी निबंध प्रतियोगिता शुरुआत की

**नई दिल्ली एजेंसी** । भारतीय नौसेना ने अपने समुदाय के भीतर पढने, लिखने, आलोचनात्मक सोच और व्यवस्थित विश्लेषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरदार केएम पणिक्कर एनआईबी (नेवी इंटेलेक्चुअल बीकन) निबंध प्रतियोगिता शुरू की है। भारतीय सशस्त्र बलों के अधिकारियों को जिस उच्च स्तर की व्यावसायिकता को बनाए रखने की आवश्यकता है, उसे केवल निरंतर शिक्षा के साथ–साथ प्रशिक्षण के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसे साहित्यिक गतिविधियों से बढ़ाया गया है।

# सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप : ओडिशा की कर्नाटक पर 4—0 से जीत



अमृतसर । कप्तान जसोदा मुंडा की हैट्रिक की बदौलत ओडिशा ने जीएनडीयू मेन ग्राउंड में सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के ग्रुप ए मुकाबले में कर्नाटक को 4–0 से हरा दिया। मालती मुंडा ओडिशा के लिए अन्य स्कोरर थीं, क्योंकि उन्होंने चार मैचों में नौ अंकों के साथ समूह में रहने के लिए कर्नाटक को पछाड़ दिया, समूह के नेताओं तमिलनाडु से तीन अंक पीछे।

34वें मिनट में कर्नाटक का प्रतिरोध टूट गया जब डिफेंडर ममता पात्रा की एक लंबी गेंद ने कर्नाटक की रक्षा को झकझोर कर रख दिया। जसोदा मुंडा ने एकल रन के साथ इसका सबसे अधिक फायदा उठाया और गेंद को कर्नाटक के संरक्षक और कप्तान ऐश्वर्या ए को नेट के पीछे डालकर ओडिशा को 1–0 से आगे कर दिया।

मिनट बाद कर्नाटक की मनासा एम. ने मालती मुंडा को बॉक्स की ओर बढने् से रोकने के प्रयास में गेंद को अपने पेनल्टी बॉक्स के अंदर अपने हाथों से छुआ। जसोदा मुंडा ने निम्नलिखित पेनल्टी से गोल करके ओडिशा को 2–0 कर दिया।

इसके बाद जसोदा मुंडा ओडिशा के मैच के तीसरे गोल के लिए प्रदाता बन गईं, जब उनका डिफेंस–स्प्लिटिंग पास ऐश्वर्या ए द्वारा पेनल्टी बॉक्स के किनारे से साफ कर दिया गया था, लेकिन गेंद मालती मुंडा के पास गई, जिन्होंने एक खाली जाल में टैप करके स्कोर 3 कर दिया। –0। जसोदा मुंडा ने 55वें मिनट में अपनी हैट्रिक पूरी की जब उन्होंने ममता पात्रा के एक पास का पीछा करते हुए ऐश्वर्या ए को राउंड ऑफ किया और आसानी से गोल कर दिया। जसोदा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

झारखंड को पहला अंक जीएनडीयू मेन ग्राउंड में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में झारखंड ने पीछे से पंजाब को 1–1 से ड्रॉ पर रोक दिया।

इस ड्रा से झारखंड ने चार मैचों के बाद प्रतियोगिता में अपना पहला अंक दर्ज किया और पंजाब के चार मैचों में तीन अंक हो गए।

पंजाब के फॉरवर्ड निशा ने मैच के 6वें मिनट में उन्हें आगे कर दिया। निशा ने पेनल्टी बॉक्स के अंदर दक्षिणपंथी से एक हवाई पास को नियंत्रित किया और शीर्ष कोने पर अपने बाएं पैर से शानदार ढंग से गोल किया।

सुधा अंकिता तिर्की ने 79वें मिनट में झारखंड को बराबरी पर ला दिया। झारखंड के कोने को पंजाब के डिफेंस ने अच्छी तरह से नहीं संभाला, क्योंकि गेंद बॉक्स के अंदर सुधा के लिए गिरी। डिफेंडर ने दाएं पैर से फिनिश किया और पंजाब की कप्तान और कस्टोडियन सीता शर्मा के पास कोई मौका नहीं बचा।

सुधा अंकिता तिर्की को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तमिलनाडु के लिए आसान पूर्व चैंपियन तमिलनाडु ने सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में ग्रुप ए के मैच में चंडीगढ़ को 3–0 से हराकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बरकरार रखा।

पहले 45 मिनट के अंदर इंदुमती कथिरेसन, संध्या रंगनाथन और प्रियदर्शिनी एस के गोल ने तमिलनाडु के लिए स्कोर तय किया।

## रोनाल्डो ने रचा इतिहास, 200 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले पहले फुटबॉलर

नई दिल्ली। आज यूईएफए यूरो क्वालिफाइंग में पुर्तगाल और आइसलैंड के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमे क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक मात्र गोल दागा। पुर्तगाल ने आइसलैंड को 1—0 से मात दी। मैच जब शुरू हुआ तो रोनाल्डो को फूलों का गुलदस्ता देकर उनकी उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी गई। जैसे ही वह मैदान पर खेलने उतरे, उन्होंने फुटबॉल जगत में इतिहास रच दिया। दरअसल क्रिस्टियानो रोनाल्डो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 200 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। रोनाल्डो यूरो 2024 के क्वालिफाइंग मैच में आइसलैंड के खिलाफ इस मौके को खास भी बनाया। 38 वर्षीय रोनाल्डो ने डेब्यू करीब 20 साल बाद पुर्तगाल के लिए 200 मैच पूरे कर लिए। उन्हें इस उपलब्धि पर आइसलैंड के खिलाफ मैच से पहले सम्मानित भी किया गया। रोनाल्डो का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। ग्रुप जे में रोनाल्डो ने पुर्तगाल को चौथी जीत दिलाई। टीम चार मैच में चार जीत हासिल कर चुकी है। रोनाल्डो के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अब 123 गोल हो गए हैं। रोनाल्डो ने 200 मैच खेलने के बाद यूईएफए (श्वस्त्र) के वेबसाइट के हवाले से कहा, मैं बहुत खुश हूं। यह उस तरह का क्षण है जिसकी आप कभी उम्मीद नहीं करते हैं। 200 अंतरराष्ट्रीय मैच मेरे लिए अविश्वसनीय उपलब्धि है। रोनाल्डो सहित उनकी टीम ने मैच में कई मौके गंवाए, लेकिन अंत में पुर्तगाल की टीम को सफलता मिल गई। रोनाल्डो ने इस मैच से एक बार फिर साबित कर दिया कि वह यूरो कप 2024 के लिए तैयार हैं।

# टीम इंडिया ने जीता इमर्जिंग एशिया कप का खिताब, फाइनल में बांग्लादेश को 31 रनों से चटाई धूल



हांगकांग । श्रेयंका पाटिल (13/4) और मन्नत कश्यप (20/3) की शानदार गेंदबाज़ी के बदौलत भारत ए ने इमर्जिंग एशिया कप के फाइनल में बुधवार को बंगलादेश ए को 31 रन से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया।

भारत टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रन ही बना सका, लेकिन श्रेयंका और मन्नत की गेंदबाजी ने बंगलादेश को 96 रन पर ऑलआउट कर दिया। कनिका आहूजा ने भी चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट हासिल किए, जबकि तितास साधु ने एक विकेट चटकाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगलादेश को 128 रन का मामूली स्कोर हासिल करना था, लेकिन मिशन रोड ग्राउंड की धीमी पिच पर भारतीय स्पिनर बंगलादेशी की टीम पर पूरी तरह से हावी रहे।

बंगलादेश के लिए नाहिदा अख़्तर सर्वाधिक 17 रन बनाकर नाबाद रहीं, जबकि टीम के आठ बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। शोभना मोस्टरी ने 16 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज शाथी राणा ने 13 रन का योगदान दिया। इससे पूर्व, दिनेश वृंदा (29 गेंद, 36 रन) ने तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए भारत के लिए सर्वाधिक रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का जड़ा।सलामी बल्लेबाज श्वेता सेहरावत (20 गेंद, 13 रन) और उमा छेत्री (20 गेंद, 22 रन) के छोटे स्कोर पर आउट होने के बाद मध्यक्रम भी असफल रहा, लेकिन कनिका आहूजा ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को निभाते हुए 30 रन की नाबाद पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में सात विकेट खोने के बाद 127 के स्कोर तक पहुंचा दिया। कनिका ने 23 गेंद की पारी में चार चौके जमाए। भारतीय टीम मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल धुल जाने के बाद सेमीफाइनल में पहुंची थी।इस टूर्नामेंट में भारत ने फाइनल से पहले सिर्फ मेजबान हांगकांग का सामना किया, जहां उसे नौ विकेट से जीत मिली। इसके अलावा भारत के अन्य तीनों मैच बारिश में धुल गए। उल्लेखनीय है कि बारिश ने पूरे टूर्नामेंट में खलल डाला, जिससे कुल आठ मैच रद्द हुए।

# एन'गोलो कांटे सऊदी अरब चैंपियन अल इत्तिहाद में शामिल होने के लिए चेल्सी छोड़ेंगे



लंदन । चेल्सी और फ्रांस के मिडफील्डर एन'गोलो कांटे तीन साल के करार पर सऊदी अरब के चैंपियन अल इत्तिहाद से जुड़ेंगे। 32 वर्षीय कांटे चोटों से जूझ रहे हैं और 2022–23 अभियान के दौरान चेल्सी के लिए नौ मैच खेले हैं। स्टैमफोर्ड ब्रिज में उनका अनुबंध जून के अंत में समाप्त हो रहा है।

उनके साथी फ्रांसीसी करीम बेंजेमा के रियल मैड्रिड छोडने् और इस महीने उनके साथ तीन साल का करार करने के बाद वह अल–इत्तिहाद में करीम बेंजेमा के साथ जुड़ेंगे। चेल्सी एफसी ने बुधवार को एक बयान में कहा, चेल्सी आज क्लब के दिग्गज एन'गोलो कांटे को अलविदा कहती है, मिडफील्डर सऊदी प्रोफेशनल लीग साइड अल–इत्तिहाद में अपने अनुबंध की समाप्ति पर शामिल होंगे। कांटे स्टैमफोर्ड ब्रिज में सात साल बाद चेल्सी छोड़ रहे हैं। उन्होंने क्लब के साथ अपने समय के दौरान चैंपियंस लीग, प्रीमियर लीग, यूरोपा लीग और एफए कप जीता। मिडफील्डर ने फ्रांस की 2018 में विश्व कप जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चेल्सी के सह–खेल निदेशक लारेंस स्टीवर्ट और पॉल विंस्टनली ने कहाः चेल्सी में एन'गोलो के प्रभाव को बढ़ा–चढ़ा कर पेश नहीं किया जा सकता है। मिडफील्ड में उनके अथक प्रदर्शन ने कई ट्रॉफी जीत में योगदान दिया और क्लब के इतिहास में उन्हें एक जगह की गारंटी दी है। हम उनके अच्छे होने की कामना करते हैं क्योंकि वह अपने करियर के अगले अध्याय की शुरूआत कर रहे हैं।

# कमिंस—लायन ने इंग्लैंड से जीत छीनी



बर्मिंघम ,। ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान पैट कमिंस (44 नाबाद) की शानदार बल्लेबाजी और नेथन लायन (16 नाबाद) के साथ उनकी अर्द्धशतकीय साझेदारी की बदौलत रोमांच और उत्साह से भरे पहले एशेज़ टेस्ट में इंग्लैंड को दो विकेट से मात दी। इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के सामने 281 रन का लक्ष्य रखा, जिसे ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें दिन के आखिरी क्षणों में आठ विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।लक्ष्य का पीछा करते हुए कंगारुओं ने आठ विकेट मात्र 227 रन पर गंवा दिये थे, लेकिन कमिंस ने जीत की क्षीण संभावनाओं को हकीकत में बदला। उन्होंने 73 गेंद पर छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 44 रन की नाबाद पारी खेलते हुए लायन के साथ नौंवे विकेट के लिये 55 रन की साझेदारी की। जब ऑस्ट्रेलिया जीत से दो रन दूर थी तब गेंद कमिंस के बल्ले का किनारा लेकर चौके के लिये चली गयी।

दिन की शुरुआत से पहले ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिये 174 रन चाहिये थे, जबकि इंग्लैंड विजय से सात विकेट दूर था। पहला सत्र हालांकि बारिश में धुल गया और खिलाड़ी लंच के बाद ही मैदान पर आ सके। ऑस्ट्रेलिया को अब यह 174 रन 67 ओवर में बनाने थे लेकिन बादलों के तले स्विंग होती गेंद को खेलना आसान नहीं था।

ब्रॉड ने परिस्थितियों का फायदा उठाते हुए नाइट वॉचमैन स्कॉट बोलैंड को 20 रन के स्कोर पर चलता किया, जबकि ख्वाजा और ट्रैविस हेड को रन बनाने के लिये संघर्ष करना पड़ा। ख्वाजा–हेड ने संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए पहला एक घंटा गुज़ार भी लिया, लेकिन मोईन अली ने अपनी फिरकी से हेड को 16 रन के मामूली स्कोर पर आउट कर दिया। एक छोर पर खड़े ख्वाजा ने 143 रन पर अपना अर्द्धशतक पूरा किया, हालांकि उन्हें दूसरे छोर से किसी का साथ नहीं मिला। कैमरन ग्रीन (28) ने ख्वाजा के साथ 49 रन जोड़े लेकिन तीसरा सत्र शुरू होते ही रॉबिनसन ने उन्हें भी पवेलियन लौटा दिया। छह विकेट गिरने के बावजूद ख्वाजा विकेट पर जमे रहे और 68वें ओवर में एलेक्स कैरी के साथ ऑस्ट्रेलिया को 200 रन के पार पहुंचाया। इंग्लैंड को इस समय विकेट की सख्त जरूरत थी, जो उसे कप्तान स्टोक्स ने दिलाया। पारी में अपना दूसरा ओवर डाल रहे स्टोक्स ने ख्वाजा को बोल्ड कर मुकाबला इंग्लैंड के पक्ष में झुका दिया। कैरी (20) को 50 गेंद की पारी में दो जीवनदान मिले, लेकिन रूट ने तीसरी बार में अपनी ही गेंद पर सफलतापूर्वक कैरी का कैच लपककर उन्हें पवेलियन भेजा। ऑस्ट्रेलिया के आठ विकेट 227 रन पर गिर चुके थे जबकि वह जीत से 52 रन दूर था। इंग्लैंड को विजय पताका लहराने के लिये सिर्फ दो विकेट की ज़रूरत थी, लेकिन वह ये दो विकेट नहीं ले सका। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने लगातार छोटी गेंद फेंककर पुछल्ले बल्लेबाजों को आउट करना चाहा, लेकिन उनकी यह योजना काम न आयी। लायन ने दो रन के स्कोर पर एक हवाई शॉट खेला भी, लेकिन स्टोक्स के हाथ से कैच छूटने के बाद दोनों बल्लेबाजों ने सूझबूझ का प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया जब जीत से 27 रन दूर थी तब इंग्लैंड ने नयी गेंद ली, हालांकि इस समय तक ऑस्ट्रेलिया हावी हो चुका था। कमिंस पुरानी गेंद पर रूट को दो छक्के जड़कर मैच को अपने पक्ष में झुका चुके थे। कमिंस ने नयी गेंद से भी ब्रॉड और रोबिनसन को एक–एक चौका लगाया, जबकि 92वें ओवर में उनके बल्ले से निकले चौके ने ऑस्ट्रेलिया को जीत दिलाई। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की शृंखला में 1–0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा मैच 28 जून से लंदन के लॉर्ड्स मैदान पर खेला जायेगा।

## फिल्मी सफर

# हार्ट ऑफ स्टोन का ट्रेलर जारी, गैल गैडोट से भिड़ती दिखीं आलिया भट्ट



नेटफ्लिक्स की हार्ट ऑफ स्टोन काफी समय से चर्चा में है। इस फिल्म से आलिया भट्ट हॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। फिल्म से जब आलिया का पहला लुक और टीजर आया तो दर्शक इसको लेकर और उत्सुक हो गए। अब फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया गया है। ट्रेलर में आलिया का एक्शन अंदाज दिखाई दे रहा है और पर्दे पर वह गैल गैडोट से भिड़ती नजर आ रही हैं।ट्रेलर से पता चलता है फिल्म एक जासूसी समूह की कहानी है। ट्रेलर की शुरुआत में कहा जाता है कि सभी एजेंट ने करार किया है कि वे किसी से दोस्ती नहीं करेंगे, रिलेशनशिप में नहीं आएंगे। जो वह कर रहे हैं वह बेहद जरूरी है। जब सरकार भी फेल हो जाती है, तब इनका समूह काम आता है। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म में आलिया विलेन बनी हैं। उनका किरदार इस समूह से गद्दारी करता है।

ट्रेलर से लगता है कि इस फिल्म में नेटफ्लिक्स के लिए एक बेहतरीन फ्रैंचाइजी खड़ी करने की क्षमता है। फिल्म की शूटिंग इटली, लंदन और लिस्बन जैसे लोकेशन पर हुई है। यहां की शानदार झलकियां ट्रेलर में दिखाई देती हैं। साथ ही फिल्म दिलचस्प एक्शन से भी आकर्षित करती है। आलिया और गैडोट के साथ इस फिल्म में अभिनेता जेमी डॉर्नन नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन टॉम हार्पर ने किया है।

फिल्म 11 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 11 अगस्त को दर्शकों के लिए मनोरंजन का पिटारा खुलने वाला है। रणबीर कपूर की चर्चित फिल्म एनिमल भी इसी दिन पर्दे पर आएगी। यह फिल्म सनी देओल की ऐतिहासिक फिल्म गदर के सीक्वल गदर 2 से पर्दे पर टकराएगी। इसके अलावा अक्षय कुमार की ओह माय गॉड का सीक्वल, ओएमजी 2 भी 11 अगस्त को रिलीज हो रहा है। हाल ही में इस फिल्म का पोस्टर जारी हुआ था। हार्ट ऑफ स्टोन का ट्रेलर नेटफ्लिक्स के खास समारोह नेटफ्लिक्स टुडुम में जारी किया गया।

## रॉयल ब्लू ड्रेस पहन निकिता दत्ता ने ग्लैमरस लुक्स से बरपाया कहर, हॉटनेस देख घायल हुए फैंस

कबीर सिंह फेम निकिता दत्ता अपने स्टाइलिश फैशन स्टेटमेंट्स के कारण अक्सर लाइमलाइट में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की झलक दिखाई है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक्ट्रेस निकिता दत्ता आए दिन अपनी खूबसूरती के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। उनका लेटेस्ट लुक्स हमेशा फैंस के बीच ट्रेंड करता है और अपनी सेंशुअस अदाओं से हमेशा फैंस के दिलों की धडक़नें बढ़ा देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की है। इन फोटोज में उनका सेक्सी अवतार देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं और उनके लुक्स पर से निगाहें हटाने का नाम नहीं ले रहे हैं। निकिता दत्ता ने अपनी इन तस्वीरों में ब्लू कलर का स्टाइलिश बॉडीकॉन ड्रेस पहना हुआ था। अपने बालों का स्टाइलिश बन बनाकर साथ ही हल्की सी झुलफें बिखेर कर और मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने लुक को बखूबी से निखारा है। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों को फैंस जमकर लाइक्स और कॉमेंट कर रहे हैं। हालांकि लोग उनके स्टाइल को फॉलो भी करते हैं।

# डेब्यू वेब सीरीज बजाओ में दिल्ली की लडक़ी का किरदार निभाएंगी माहिरा शर्मा



माहिरा शर्मा, जिन्हें बिग बॉस 13 में अपने समय के लिए जाना जाता है, वेब शो बजाओ के साथ बॉलीवुड ओटीटी में अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। उसने कहा कि वह इस शो के लिए इसलिए सहमत हुई क्योंकि वह एक उचित दिल्ली की लडक़ी की भूमिका से आकर्षित थी।

इस शो को ओटीटी की दुनिया में अपनी शुरुआत के रूप में लेने के कारण के बारे में बात करते हुए, माहिरा ने कहाः मैं एक वेब शो करना चाहती थी, और जब मुझे इस शो के लिए मेरे चरित्र के बारे में बताया गया, तो मुझे यह पसंद आया और यह अद्भुत है; यह अद्भुत है।

एक सामान्य दिल्ली की लडक़ी की भूमिका, जिसने वास्तव में मुझे इसकी ओर आकर्षित किया। और साथ ही, निर्माताओं ने सोचा कि अगर मैंने पंजाबी में काम किया है, तो मैं एक अच्छी पसंद होगी क्योंकि मैं उत्तर से ताल्लुक रखती हूं। साथ ही, मैं केवल वही प्रोजेक्ट लेती हूं जो मुझे पसंद हैं; मुझे किरदार पसंद आया, इसलिए मैंने इसे लेने का फैसला किया। परियोजना। उन्होंने कहाः मैंने फिल्म और ओटीटी में काम करने के बीच अंतर महसूस किया। शूटिंग के दौरान सब कुछ इतना स्वाभाविक था कि मैं एक पल के लिए भी बाहर नहीं निकली। मैं आमतौर पर अधिक मेकअप नहीं करती, और जब मैं शूटिंग कर रही थी यह वाला, भले ही मेरे बाल घुंघराले थे, मेरा मेकअप बुनियादी था; उन्होंने इसे कच्चा कर दिया।

और शूटिंग के दौरान, ऐसा लगता है कि हम सामान्य रूप से बात कर रहे हैं क्योंकि यह बहुत मौलिक दिखता है।

# शिवांगी जोशी ने शुरू की नए शो बरसातें की शूटिंग, म्यूजिक वीडियो में भी आएंगी नजर




ये रिश्ता क्या कहलाता है में अपने किरदार नायरा से घर–घर में पहचान बना चुकीं शिवांगी जोशी जल्द ही बरसातें नाम से एक नए शो में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने कहा कि सोनी टीवी के लिए बालाजी द्वारा निर्मित शो की शूटिंग शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा, दर्शकों को जल्द ही शो देखने को मिलेगा।

शिवांगी ने बरुन सोबती और रिधि डोगरा अभिनीत अमेजन मिनी टीवी शो बदतमीज दिल के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहाः यह ट्रेलर से काफी आशाजनक लग रहा है और मुझे यकीन है कि सीरीज अद्भुत होगी। बरुण और रिद्धि दो बेहतरीन अभिनेता हैं। खतरों के खिलाड़ी 12 में एक्शन करती नजर आई एक्ट्रेस इस सीजन किसे चीयर कर रही हैं? इस सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, जैसा कि ज्यादातर लोग जानते हैं, इंडस्ट्री में मेरे ज्यादा दोस्त नहीं हैं। इसलिए इस सीजन में मेरा कोई भी दोस्त नहीं है। लेकिन हां, मैं सभी को शुभकामनाएं देना चाहती हूं।

शिवांगी के अपकमिंग शो बरसातें में वह डबल रोल में नजर आएंगी। उनके साथ कुशाल टंडन की जोड़ी बनाई गई है।एक्ट्रेस जल्द ही अंकित गुप्ता के साथ एक म्यूजिक वीडियो बारिश आई है में भी दिखाई देंगी।

# कियारा अडवाणी ने फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 9 साल



अपनी पहली फिल्म फगली के नौ साल पूरे होने के साथ कियारा अडवाणी ने इंडियन एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में 9 सफल वर्ष पूरे कर लिए हैं। अपने करियर के दौरान, कियारा ने न केवल विभिन्न और प्रभावशाली भूमिकाओं के साथ अपनी वर्सटैलिटी स्थापित की है। बल्कि हर कदम के साथ सुपरस्टारडम भी हासिल किया है। काफ़ी कम समय में इस मुक़ाम को हासिल कर आज वह देश की सबसे टॉप अभिनेत्रियों में से एक हैं। पिछले कुछ सालों में, कियारा ने इस विशेष दिन का जश्न मनाने के लिए अपने फैन्स के साथ बातचीत की और वर्चुअल रूप से उनसे मिली। नौ साल की अवधि में कियारा अडवाणी ने विभिन्न भाषाओं और प्लेटफार्मों पर लगभग 15 फिल्में दी हैं। अभिनेत्री ने स्पेशल अपियरेंस के साथ वेब शो में भी कदम रखा है और चार्टबस्टर संगीत वीडियो का भी हिस्सा रह चुकी हैं। कुल 25 ब्रैंड्स की एंबेस-ेडर, कियारा मार्केट में बेहद मशहूर है और बड़े से बड़े ब्रैंड्स उन्हें पाने की कोशिश में लगे रहते हैं, जो उनके सुपरस्टार्डम का एक प्रतीक है। वर्तमान में फिल्म निर्माताओं और अभिनेताओं द्वारा सबसे अधिक मांग वाली स्टार में से एक कियारा अडवाणी एक बड़ी फैन–फॉलोइंग के साथ देश की सबसे पसंदीदा भी हैं। उल्लेखनीय परफ़ॉर्मन्सेस के साथ प्रभावशाली और यादगार भूमिकाएं देते हुए कियारा अडवाणी अपने पात्रों के नामों से जानी जाती हैं। प्रीति, डिंपल से लेकर अब आने वाली कथा तक, कियारा अडवाणी ने आइडियल वुमन होने के साथ साथ ह्यक्वीन ऑफ़ रोमांसह्न का ख़िताब भी हासिल किया है। पर्दे के साथ–साथ, ऑफ स्क्रीन मूव्स से भी तहलका मचाते हुए, कियारा ने पिछले नौ वर्षों में एक प्रेरणादायक यात्रा की है। ह्यड्रीमगर्लह्न, ह्यगोल्डन गर्ल ऑफ बॉलीवुडह्न जैसी ख़िताब पाने के बाद ह्यक्वीन ऑफ रोमांसह्न के रूप में अपना नाम बनाने तक, कियारा की एक के बाद एक सफल फ़िल्में देख उन्हें मिडास टच के लिए भी जाना जाता है। शेरशाह के साथ ओटीटी प्लेटफ़ॉर्म पर सबसे बड़ी हिट देने से लेकर भूल भुलैया 2 के साथ बॉलीवुड पर चल रहे सूखे दौर को खत्म करने तक, कियारा हर कदम पर नए रिकॉर्ड स्थापित कर रही हैं।


**जयन्त**

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी **नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382—222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com